श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 266, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 22 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट


क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।


क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## आधुनिक कनेक्टिविटी राष्ट्र रक्षा की भी गारंटीः प्रधानमंत्री

# 'धर्मपथ' पर पीएम मोदी





**नई दिल्लीः** पीएम मोदी ने शुक्रवार को केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम में दर्शनों के बाद सीमावर्ती गांव माणा में विकास परियोजनाओं की शुरूआत की। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक कनेक्टिविटी राष्ट्र रक्षा की भी गारंटी होती है। इसलिए बीते 8 सालों से हम इस दिशा में एक के बाद एक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतमाला परियोजना के तहत देश के सीमावर्ती क्षेत्रों को बेहतरीन और चौड़े हाई-वे से जोड़ा जा रहा है। सागरमाला परियोजना से अपने सागर तटों की कनेक्टिविटी को सशक्त किया जा रहा है। हम अब पर्वतमाला का काम आगे बढ़ाने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने चमोली जिले के माणा गांव में विभिन्न संपर्क परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक बीते आठ वर्षों में उनकी सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ने के कार्य में अभूतपूर्व विस्तार दिया है। 2014 से अबतक सीमा क्षेत्र में 7 हजार किमी की नई सड़कों का निर्माण हुआ है जिसमें पुल और टनल का काम भी तेजी से हो रहा है। उनकी सरकार ने सीमा पर सड़क बनाने के लिए केन्द्र से अनुमति लेने की बाध्यता समाप्त कर दी है। उत्तराखंड और हिमाचल में रोपवे का काम तेजी से शुरू हो गया है। वे चाहते हैं कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास का काम उत्सव बने और यहां से छोड़कर गए लोगों का गांव लौटने का मन कर करे। उन्होंने ऐसा ही गुजरात में किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार प्रयास कर रही है कि बार्डर के गांवों में कुछ न कुछ होना चाहिए। हम प्रयास कर रहे हैं कि लोग बद्री विशाल से माणा पास गए बिना लौटें नहीं। उनकी अपेक्षा है कि हिमाचल के लोग भी उत्तराखंड के विकास को देखते हुए डबल इंजन सरकार की प्रेरणा लेंगे।

## आस्था के केंद्र प्राण वायु की तरहः पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आस्था के केंद्र केवल एक ढांचा नहीं बल्कि हमारे लिए प्राण वायु की तरह है। वह शक्तिपुंज की तरह है जो कठिन परिस्थितियों में भी हमें जीवंत बनाए रखते हैं। अयोध्या में भव्य राममंदिर बन रहा है। गुजरात के पावागढ़ में मां कालिका के मंदिर से लेकर विन्ध्याचल देवी के कॉरिडोर तक भारत अपने सांस्कृतिक उत्थान का आह्वान कर रहा है। उन्होंने कहा कि आस्था और आध्यात्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण जैसे एक महत्वपूर्ण पक्ष पर कभी चर्चा नहीं होती। यह पक्ष है पहाड़ के लोगों के जीवन में आसानी लाना और युवाओं को रोजगार देना। लोगों के जीवन को भी आसानी मिलती है। प्रधानमंत्री ने पर्यटकों से अपील की कि वह अपने पर्यटन खर्च का 5 प्रतिशत स्थानीय उत्पादों पर खर्च करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला अपनी आस्था पर गर्व और दूसरा विकास के लिए हर संभव प्रयास करना। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर उन्होंने गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह की मुक्ति का आह्वान किया था। लंबे समय तक हमारे आस्था स्थलों के विकास को एक नफरत भरे भाव से देखा जाता रहा। विदेशों में वहां की संस्कृति से जुड़े स्थलों की ये लोग तारीफ करते नहीं थकते थे लेकिन भारत में इस प्रकार के काम को हेय दृष्टि से देखा जाता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि माणा गांव को भारत के अंतिम धाम के रूप में जाना जाता है, लेकिन उनके लिए सीमा पर बसा हर गांव देश का पहला गांव है। उन्होंने कहा कि पहले सीमावर्ती गावों के लोगों की अपेक्षाओं पर ध्यान नहीं दिया जाता था अब हमने उनको साथ लेकर प्रगति के महान लक्ष्य की ओर बढ़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा, पहले देश के विकास में जिनके योगदान को महत्व नहीं दिया गया, हमने उन्हीं को साथ लेकर प्रगति के महान लक्ष्यों की ओर बढ़ने का संकल्प लिया। पहले जिन इलाकों को देश की सीमाओं का अंत मानकर नजरअंदाज किया जाता था, हमने वहां से समृद्धि का आरंभ मानकर काम शुरू किया। पहले देश का आखिरी गांव जानकर जिसकी उपेक्षा की जाती थी, हमने वहां के लोगों की अपेक्षाओं पर फोकस किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ड्रोन के जरिए उत्पादों को पहाड़ों पर सामान पहुंचाने के काम में भी लगी हुई है। चार लैन का एक्सप्रेस-वे दिल्ली और उत्तर प्रदेश को उत्तराखंड से जोड़ रहा है। दिल्ली से देहरादून का आर्थिक गलियारा बिजनेस संभावनाओं को बढ़ाएगा। हिमालय की हरी-भरी पहाड़ियों पर रेलगाड़ी की आवाज उत्तराखंड के विकास की नई गाथा लिखेगी। भारतमाला और सागरमाला कनेक्टिविटी परियोजनाओं की तरह, पर्वतमाला के लिए काम चल रहा है जिसके तहत उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में रोपवे परियोजनाओं का एक बड़ा नेटवर्क बनाया जा रहा है। देहरादून एयरपोर्ट भी अब नए अवतार में सेवा दे रहा है। विकास परियोजनाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गौरीकुंड से केदारनाथ और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब तक आरोग्य योजना न केवल संपर्क सुविधाएं बढ़ाएंगी बल्कि आर्थिक विकास के विभिन्न पहलुओं को प्रोत्साहित भी करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री ने केदारनाथ धाम में आदि गुरु शंकराचार्य समाधि स्थल के दर्शन किए। साथ ही केदारनाथ धाम में विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। श्री केदारनाथ धाम के पुनर्निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों से संवाद किया। इसके बाद उन्होंने श्री बद्रीनाथ मन्दिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की।

देश की सीमा पर बसा हर गांव मेरे लिए पहला गांवः पीएम

## देश के लिए जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगाः शाह



**नई दिल्लीः** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आ 'पुलिस स्मृति दिवस' के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा एवं निशिथ प्रमाणिक और केन्द्रीय गृह सचिव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि आज भारत हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है और आजादी के 75 साल बाद हम संतोष से कह सकते हैं कि हम अपने गंतव्य की ओर निश्चित रूप से दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ और द्रुत गति से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश द्वारा हासिल की गई अनगिनत उपलब्धियों की नींव में देश के वीर जवानों का सर्वोच्च बलिदान है। देशभर के पुलिस बलों और सीएपीएफ के 35 हजार से ज्यादा जवानों ने देश की आंतरिक सुरक्षा और सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। गृहमंत्री ने कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से उन सभी शहीद जवानों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की रक्षा के लिए दिया गया जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और भारत इसी प्रकार से विकास के रास्ते पर आगे बढ़ता जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले पूर्वोत्तर, जम्मू-कश्मीर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों से आए दिन हिंसक घटनाओं के समाचार आते थे, लेकिन पिछले 8 सालों में उत्तर पूर्व में आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर एक्ट के स्थान पर वहां के युवाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए स्पेशल पावर दी जा रही है। शाह ने कहा कि पूर्वोत्तर में हिंसा की घटनाओं में 70 प्रतिशत से ज्यादा कमी एक खुशहाल उत्तर-पूर्व का संकेत है। इसी प्रकार जम्मू कश्मीर में भी कभी युवाओं द्वारा पत्थरबाजी हुआ करती थी, लेकिन आज वही युवा पंच और सरपंच बनकर लोकतांत्रिक तरीके से जम्मू कश्मीर के विकास में योगदान दे रहे हैं।

## डॉक्टरों को झूठे मुकदमों से बचाने की मांग

**नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश बनाने और झूठे मुकदमों से बचाने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है।

28 मार्च को राजस्थान के दौसा में मरीज की हत्या का केस दर्ज होने से परेशान महिला डॉक्टर की खुदकुशी के बाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने याचिका दायर की है। याचिका में घटना की सीबीआई जांच की मांग की गई है।

## हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता



**नई दिल्लीः** नफरत फैलाने वाले बयान यानी हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने हेट स्पीच देने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जरूरत बताई। सुप्रीम कोर्ट ने देश में नफरत भरे भाषणों की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। कोर्ट ने कहा कि हम धर्म के नाम पर कहां पहुंच गए हैं। इस तरह के बयान (अभद्र भाषा) परेशान करने वाले हैं, खासकर ऐसे देश के लिए जो लोकतांत्रिक और धर्म-तटस्थ है। सुप्रीम कोर्ट भारत में मुस्लिम समुदाय को निशाना बनाने और आतंकित करने के कथित बढ़ते खतरे को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी किया और उनसे अपने अधिकार क्षेत्र में ऐसे अपराधों के खिलाफ की गई कार्रवाई पर रिपोर्ट दर्ज करने को कहा। रउ ने राज्य सरकारों और पुलिस अधिकारियों को औपचारिक शिकायत की प्रतीक्षा किए बिना हेट स्पीच के मामलों में स्वतः संज्ञान लेने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि कार्रवाई करने में विफलता दोषी अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना मानी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि धर्म की परवाह किए बिना कार्रवाई की जानी चाहिए। घृणा का माहौल देश पर हावी हो गया है। ऐसे बयान विचलित करने वाले हैं। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। जस्टिस केएम जोसेफ की बेंच ने कहा 21 वीं सदी में ये क्या हो रहा है? धर्म के नाम पर हम कहां हम पहुंच गए हैं? हमने ईश्वर को कितना छोटा बना दिया है। भारत का संविधान वैज्ञानिक सोच विकसित करने की बात करता है। याचिकाकर्ता की ओर से कपिल सिब्बल ने कोर्ट से कहा कि हमें इस कोर्ट में नहीं आना चाहिए।

## हिमाचल चुनावः भावुक हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह



**सुजानपुरः** केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शुक्रवार को सुजानपुर में भाजपा प्रत्याशी रिटायर्ड कैप्टन रणजीत सिंह की नामांकन सभा में भावुक हो गए। भावुक होने का मुख्य कारण सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से उनके पिता प्रेम कुमार धूमल का इस बार चुनाव न लड़ना है। भाषण के दौरान केंद्रीय मंत्री के आंसू तक छलक गए और उन्होंने हमीरपुर जिला भाजपा कार्यकर्ताओं को नमन भी किया। मंच पर बोलने की उन्होंने काफी हिम्मत जुटाई है लेकिन फिर भी वह अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी प्रत्याशी के लिए डटकर प्रचार करने की अपील की है। उन्होंने भावुक होकर कार्यकताओं का उनके परिवार को दिए गए सम्मान व प्रेम का आभार व्यक्त किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि छोटे से जिला हमीरपुर से मेरे पिता को मुख्यमंत्री और मुझे केंद्रीय मंत्री बनाया है। उन्होंने कहा कि जिस मंत्रालय में मैं केंद्रीय मंत्री हूं।

### पाकिस्तानी चुनाव आयोग ने रद्द की संसद सदस्यता

## इमरान खान को बड़ा झटका



**इस्लामाबादः** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की चुनावी राजनीति को जोरदार झटका लगा है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने इमरान को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है, इस कारण वे अब चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इस निर्णय के बाद चुनाव आयोग के कार्यालय के बाहर फायरिंग की भी जानकारी सामने आई है। पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन की पार्टी पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट के सांसदों ने चुनाव आयोग के समक्ष दायर याचिका में दावा किया था कि इमरान खान ने प्रधानमंत्री के रूप में मिले उपहार बिना भुगतान अपने पास रख लिए। आरोप था कि इमरान ने उपहारों का खुलासा नहीं किया और अपने बयानों में जानकारी छुपाई। इस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने इमरान खान को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित करार दिया है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश भी की गई है। इस कार्रवाई के बाद इमरान खान चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। इस फैसले के बाद चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर इमरान खान समर्थकों ने फायरिंग की। इसके बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। चुनाव आयोग से शिकायत की गई थी कि इमरान खान ने महंगे उपहारों को पहले स्टेट डिपॉजिटरी में जमा कराया, फिर उन्हें रियायती मूल्य पर खरीद कर भारी मुनाफे पर बेच दिया।

## महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस



**श्रीनगरः** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस दिया गया है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि गुपकार रोड पर बने फेयरव्यू रेसिडेंस को खाली करने का नोटिस मुझे कुछ दिन पहले दिया गया था। यह कोई हैरानी की बात नहीं है। हालांकि, रिपोर्ट्स में यह भी कहा जा रहा है कि उन्हें रहने के लिए वैकल्पिक बंगला दिया जा सकता है।

**बंगला सिर्फ जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए नहीं- मुफ्तीः** नोटिस की बात सामने आने के बाद महबूबा ने कहा, "मेरे पास ऐसी जगह नहीं है जहां मैं रह सकूं। इसलिए मुझे निर्णय लेने से पहले अपनी कानूनी टीम से सलाह लेनी पड़ेगी।" उन्होंने यह भी कहा कि नोटिस में लिखा गया है कि बंगला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है, क्योंकि उनके पिता को सीएम पद से हटने के बाद यह बंगला दिया गया था। महबूबा ने कहा कि यह बंगला उनके पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद को दिसंबर 2005 में दिया गया था, जब वे मुख्यमंत्री थे। गुपकार रोड पर बने आलीशान फेयरव्यू रेसिडेंस के आस-पास अधिकांश हाई प्रोफाइल राजनेता, नौकरशाह और पुलिस और खुफिया अधिकारी रहते हैं। इसी बंगले में महबूबा को कई बार नजरबंद किया जा चुका है।

**फेयरव्यू रेसिडेंस पहले टॉर्चर हाउस थाः** 1989 तक इस बंगले का इस्तेमाल आधिकारिक गेस्ट हाउस के रूप में किया जाता था। बाद में सुरक्षाबलों ने 1990 में अपने कब्जे में ले लिया था। कैम्पस के नए उद्देश्य को गोपनीय रखने के लिए इसे पापा -2 नाम दिया गया था। यह 1996 तक एक इंटेरोगेशन और टॉर्चर सेंटर बना रहा। 1996 में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्य सचिव अशोक जेटली यहां रहने लगे। 2003 में रेनोवेशन के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री मुजफ्फर हुसैन बेग यहां रहने आए।

## विकसित देशों की श्रेणी में अव्वल होगा भारत : आरिफ मोहम्मद खान

**नई दिल्लीः** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को कहा कि भारत अपनी समृद्ध ज्ञान परंपरा के बल पर ही विकसित देशों की श्रेणी में न केवल खड़ा होगा बल्कि सर्वोच्च स्थान हासिल करेगा। दीपोत्सव : पंच प्रण व्याख्यान माला में विकसित भारत विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए खान ने कहा कि अनेक सभ्यताएं इस बात का दम्भ भरती हैं कि उन्होंने भारत पर आक्रमण कर और यहां राज कर हमें सभ्य बनाया। सच्चाई यह है कि वे सभ्यताएं जिस समय बर्बर थीं, जीने का रास्ता तलाश रही थीं उस समय भारत भूमि अपनी ज्ञान सम्पदा के दम पर सोने की चिड़िया थी। उन्होंने कहा कि अतीत में भारत सोने की चिड़िया इसलिए नहीं था कि अकूत धन संपदा हमारे पास थी, बल्कि हम ज्ञान का केंद्र थे। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद, रवींद्र नाथ टैगोर व अन्य मनीषियों का उदाहरण देते हुए कहा कि हम ज्ञान के उपासक रहे, ज्ञान अर्जित करते रहे और उसे दूसरों तक पहुंचाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन का मानना है कि जिसने ज्ञान प्राप्त कर लिया, ब्रह्म को प्राप्त कर लिया उसे इस सम्पदा को साझा करने की भूख जग जाती है। उन्होंने तमाम तर्क और उद्धरण पेश करते हुए कहा की हर किसी के प्रति मित्रता का भाव रखना, ऐसी नजर पैदा करना कि किसी के प्रति नफरत की गुंजाइश ही न रहे, ये हमारी संस्कृति और सभ्यता का मूल है।

# उत्तम दुवेदी हत्याकांड का अभियुक्त गया जेल

ब्लू स्टार रेस्टोरेंट में कई छात्राएं भी जाती थीं,, हत्यारे के मित्र के बुलावे पर हुई वारदात, कयासों पर लगे विराम,

## हत्या में प्रयुक्त गुप्ती छुरा बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** प्रयागराज। कोराव में गत 19 अक्तूबर 2022 को हुई युवा उत्तम दुवेदी हत्या कांड में लग रहे कई कयासों पर विराम लग गया। घटना की विवेचना जांच में पुलिस ने कई लोगों को दबिश दे दे कर उठाने के पश्चात इंकवायरी में हत्याभियुक्त और घटनास्थल पर चस्मदीद गवाहों के बाद कई आरोपी घटना में घिरते घिरते बच गए। और मुख्य नामजद अभियुक्त मनीष सिंह उर्फ लाला सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह ग्राम छरीगणा कोरांव उम्र 25 वर्ष को हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल गुप्ती छुरा को बरामदगी के साथ जेल भेज दिया।

पुलिस ने मृतक के पिता रामबली दुवेदी की तहरीर पर थाना

## तफतीश के बाद हत्या कांड के कथित आरोपियों को मिलती दिख रही राहत



पुलिस कस्टडी में जेल जाता मुख्य अभियुक्त मनीष सिंह।

कोरांव के क्राइम नंबर 466/2022 धारा 302,एवं 34 आईपीसी में नामजद लोगों में से मुख्य अभियुक्त मनीष सिंह को और क्राइम नंबर 467/22 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा।

अभियुक्त रॉयल ब्लू रेस्टोरेंट कोरांव में उपस्थित छात्रा और कर्मियों के बयान सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई की गई,ऐसा पुलिस की कार्यवाही से प्रतीत हुआ। रपट के मुताबिक अन्य आरोपी



मृतक उत्तम द्विवेदी की फाइल फाइल फोटो।

बच गए। किंतु सारा घटना क्रम मुख्य अभियुक्त ने अपने सिर मोल ले लिया और जुर्म स्वीकार कर जेल चला गया। किंतु मृतक के घर वाले कार्यवाही से असंतुष्ट दिख रहे। नामजद किए गए दिनेस सिंह उनकी पत्नी मीना सिंह नर्स,और आयुष सिंह डाक्टर दिनेश जायसवाल को राहत मिलती दिखी।

## अतिरिक्त दहेज न मिलने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मार पीट कर भगा दिया

**मऊआइमा।** अतिरिक्त दहेज न मिलने पर विवाहिता का सारा जेवर छीन कर ससुरालियों ने मार पीट कर भगा दिया। विवाहिता ने पति सहित आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

सोरांव के बडगांव निवासनीय ताजो बानों का कहना है कि उसकी शादी कुछ वर्ष पूर्व मऊआइमा के ग्राम मानी उमरपुर डीहवा निवासी मोहम्मद अमजद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से उससे अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी। मांग न पूरी होने पर उसका सारा जेवर छीन कर मार पीट कर भगा दिया गया। ताजो बानों ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर पति मोहम्मद अमजद ,ससुर मोहम्मद अली ,जेठ मोहम्मद अरशद ,देवर अजमल ,ननद शमा बानों ,सास माजिदा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज

# जुआड़ियों ने युवक को पीट कर किया लहुलहान

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में एक युवक को जुआरियों ने पीटकर लहूलहान कर दिया। युवक के सर में गंभीर चोट है। मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की गई। युवक का इलाज निजी चिकित्सालय में चल रहा है।

दीपावली के सीजन में गली कूचे में जुए की फड़ सज रही है। गुरुवार को बजहा गांव में जुए की सूचना पर पहुची पुलिस को देख जुआड़ी भाग खड़े हुए मौके से पुलिस को एक बाइक व साइकिल मिली। साइकिल को पुलिस ने गांव के विजय प्रताप सिंह उर्फ मोनू के घर के अंदर कड़ी करा दी। शुक्रवार को दर्जन भर लोग पहुचे मोनू को धारदार हथियार व लाठी डंडे से पीट कर घायल कर दिया और कमरे का ताला तोड़ अंदर रखी साइकल उठा ले गए। धमकी दी की फिर जुए की सूचना दोगो तो और भारी पड़ेगा। पीड़ित मामले की शिकायत लेकर थाने पंहुचा तो पुलिस तहरीर लेकर उसे इलाज के लिए भेज दिया। बताया जाता की युवक को मारने वाले झूंसी थाने के एक चौकीदार के करीबी है।

## फरार चल रहे दुराचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** किशोरी के साथ दुराचार करके फरार चल रहे वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव की एक किशोरी के साथ एक युवक अपने रिश्तेदार के यहां आता जाता था पडोस की किशोरी जब शौच करने गयी तो उसके साथ दुराचार किया। परिजनों ने जब नामजद मुकदमा दर्ज कराया तो वह फरार हो गया था। जिसकी तलाश में पुलिस एक वर्ष से लगी हुई थी। शुक्रवार को मऊआइमा पुलिस ने आरोपी मनीष कुमार पटेल पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम स्वरुपपुर नारायणगंज थाना मान्धा प्रतापगढ़ को गिरफ्तार कर दुराचार और पास्को एक्ट में जेल भेज दिया।

## कपड़ा व्यापारी से बीस लाख रुपये रंगदारी मांगने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** कपडा व्यापारी से फोन पर बीस लाख रुपये रंगदारी मांगने की पूर्ति न होने पर हत्या की धमकी दी गई है। व्यापारी ने एडीजी के यहां फरियाद लगाई। एडीजी के आदेश पर अज्ञात मोबाइल उपभोक्ता के खिलाफ मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर नम्बर के आधार पर बदमाश का पता लगाने में लग गई है। मऊआइमा कस्बा के स्टेशन रोड निवासी जमालुर्रशीद उर्फ काजू पुत्र स्व0 किस्मत उल्ला एक कपडा व्यापारी हैं। बताया गया है कि उनके मोबाइल नंबर पर अज्ञात बदमाश ने बीस लाख रुपये रंगदारी मांगी। न देने पर जान से मारने की धमकी दी। जमालुर्रशीद उर्फ काजू ने एडीजी के यहां फरियाद लगायी। जिसपर मऊआइमा पुलिस ने अज्ञात मोबाइल फोन उपभोक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी के मोबाइल नम्बर के आधार पर पता लगाने में लग गई है।



शान्ति भंग में जेल जाते आरोपी।

## खीरी पुलिस ने कई को भेजा जेल

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** प्रयागराज। खीरी पुलिस में शांति भंग करने वाले चार लोगों को हिरासत में लेकर चालान कर जेल भेजने हेतु सक्षम न्यायालय भेज दिया। खीरी पुलिस की निरंतर कार्यवाही से खलबली मची हुई है।

# बभनपट्टी में आयोजित हुई भव्य भागवद

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** प्रयागराज। क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहभनपट्टी में गत दिवस श्रीमद भगवद कथा का भव्य आयोजन अयोजित किया गया जिसमें दिनेशानंद जी महाराज विन्ध्य धाम ने अपने मुखर बिंदुओं से जीवन को सफल बनाने और जीवन को आसान व आनंदमय बनाने पर प्रकाश डाला। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखकर गदगद हुई



बभनपट्टी में श्रीभगवद कथा सुनाते दिनेशानंद जी महाराज।

कार्यक्रम के मुख्य जजमान जानकी देवी पत्नी स्वर्गीय कमल नारायण जी ने सभी गांव वालों एवं श्रद्धालुओ के प्रति आभार प्रकट किया श्री भगवद कथा सुनने वालों को प्रसाद भी वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता अशोक दुबे ने किया जबकि मुख्य रूप से बीडीसी विवेक कुमार मिश्रा, अवधेश दुबे, रमाशंकर पाठक धीरज कुमार मिश्रा आदि

# रामलीला में रावण वध का मंचन और दशहरा मेला लगा





**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज यमुनापार मेजा क्षेत्र ब्लाक उरूवा ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी के द्वारा दशहरा का आयोजन किया गया। दशहरा के मौके पर रामलीला मेले में रावण वध की लीला का मंचन किया गया।

रावण का वध होने के बाद मैदान में खड़े रावण के पुतले का दहन किया गया। श्री राम व रावण में भयंकर युद्ध होता है । जब बहुत देर तक रावण हार नहीं मानता तो श्रीराम बभीष से वजह पूछते हैं । इस पर बअभिष ने रावण की नाभि में अमृत होने और वहां तीर मारने को कहते हैं इसके बाद श्री राम के द्वारा रावण का वध हो जाता है ।रावण का वध होते ही मेला मैदान में जय श्रीराम के नारों के साथ जयकारों से गूंज उठा। लीला का मंचन देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। मेला मैदान में दशहरा को लेकर दोपहर से ही लोगों की भीड़ बढ़ने लगी थी। लोग दुकानों से अपने मन प्रसन्न खाने की चीजें खरीद रहे थे। छोटे-छोटे बच्चों ने भी खरीददारी करने में कम नही दिखे कहि बच्चे लोग अपने के गुब्बारे और खिलौने खरीद रहे हैं तो कही खाने की वस्तुएं खरीद रहे थे।

मेले में आए हुए दर्शनथियो ने दशहरा मेला का भरपूर आनंद और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेश पांडेय प्रतिनिधि पूर्व विधायक मेजा, शिवा जी पांडेय भाजपा नेता, नीरज कुमार मिश्रा, संजीव विक्की मिश्रा कोटेदार, मुन्ना पांडेय, श्रीमती रोहणी पांडेय, एडोकेट यतीश चंद्र मिश्रा, एडोकेट शैलेन्द्र नाथ मिश्रा, एडोकेट धीरेन्द्र नाथ मिश्रा, सुशील मिश्रा, बच्चा पांडेय, रमाशंकर पांडेय, दीनानाथ मिश्रा, छोटु मिश्रा, भुनेश्वर मिश्रा, राकेश मिश्रा, अम्बुज मिश्रा, देवी सेवक रज्जन मिश्रा, अरुण मिश्रा, संजय पांडेय, कैलाश नाथ पांडेय, दिनेश पांडेय, कमलेश पांडेय, कैलाश पांडेय, एडोकेट दिनेश पांडेय, शिवशंकर मिश्रा, प्रमोद मुन्ना मिश्रा पूर्व बीडीसी, वीरेंद्र मिश्रा, ऋषीकेश पांडेय, लाल चंद्र दुबे, अशोक शर्मा, राधे विश्वकर्मा, जयशंकर यादव बबलू क्षेत्र पंचायत सदस्य, कल्लू पांडेय, दयाशंकर विश्वकर्मा, कमलेश यादव, सुनील शर्मा, शितला कलेक्टर विश्वकर्मा, सतीश शर्मा, कल्लू भारतीय, महाजन प्रजापति प्रेम चंद्र शर्मा और श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी के संरक्षक विमल कुमार पांडेय (मैनेजर) के द्वारा समापन किया गया। दशहरा मेले सुरक्षा में लगे पुलिस चौकी सिरसा इंचार्ज जगदीश कुमार अपने दल-बल के साथ उपस्थित रहे।



अनियंत्रित पल्टी अप्पे सवारी वाहन को देखते राहगीर व ग्रामीण।

# अनियंत्रित अप्पे वाहन पलटने से सवार कई लोग घायल

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्रयागराज-गोरखपुर राजमार्ग पर भोपतपुर गांव के सामने शुक्रवार शाम बाइक को बचाने में अप्पे अनियंत्रित होकर पलट गई।

अप्पे सवार थरवई थाना क्षेत्र के देवनहरी गांव निवासी हीरा भारतीया, फूलपुर के बुढ़िया का इनारा निवासी रामचंद्र व सराय चौहान गांव निवासी रूबी पांडे गंभीर रूप से घायल हो गए है। अप्पे पलटते ही वहां पर भगदड़ मच गया।

आस पास के लोग मौके पर पहुंच कर घायलों को इलाज के लिए पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें शहर के लिए रेफर कर दिया है।

## खड़गे को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों में हर्ष

**सहसों।** भारतीय राजनीति के महारथी मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में हर्ष के साथ जोश आ गया है। इसको लेकर कांग्रेसियों की एक बैठक भारद्वाज गुरुकुलम रूदापुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एडवोकेट देवराज उपाध्यय ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय फलक के राजनीतिक विचारकों में से एक हैं। बचपन मे मां को खोने के बाद भी कभी बदले की राजनीति को प्रश्रय नहीं दिए। यही कारण है कि कांग्रेस के छोटे बड़े सभी कार्यकताओं के प्रेरक हैं। मालिककार्जुन खड़गे कांग्रेस के उत्थान के प्रति हमेशा से संमर्पित रहे हैं। इस मौके पर उपस्थित दिलीप दूबे ने कहा कि लोकसभा हो या राज्य सभा लोकहित पर दृढ़ता से अपनी बात रखने के माहिर हैं। बैठक का संचालन सलीम टाइगर ने किया। प्रमुख रूप से गोविंद सिंह, दिलीप दूबे, अखंड प्रताप सिंह, सुभाष चन्द्र विश्वकर्मा, सूर्यकांत द्विवेदी, हुबलाल भारतीय, मोहम्मद कैफ, समर बहादुर पटेल, सबीबुल हसन, हैदर अब्बास आदि मौजूद रहे।

# ब्लॉक स्तरीय किसान मेले का आयोजन कर दिया गया किसान मिनी किट

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** प्रदेश सरकार द्वारा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण योजना अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषि मेला एवं गोष्ठी के माध्यम से सहसों विकास खंड में कृषि मेला व मिनी किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को छत्रपति शिवाजी डिग्री कॉलेज सहसों में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल ने मेले का शुभारंभ करते हुए कहा कि कृषि मेला का आयोजन करके किसानों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इससे किसान नई-नई तकनीक व जानकारियों से जुड़कर आगे बढ़ रहे हैं। विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गंगा पार अनिरुद्ध सिंह पटेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहसों ब्लाक प्रमुख गीता सिंह व संचालन अशोक पाल ने किया। खंड विकास अधिकारी,सहसों मनोज सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों व किसानों का स्वागत किया। किसानों को सरसों और मसूर आदि का डेढ़ सौ किट वितरित किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ



सहसों किसान मेले में मौजूद प्रेग्नेंट पटेल व अन्य।

एमपी सिंह व सहसों कृषि प्रभारी दिलीप मौर्य ने तिलहन व दलहन की खेती पर जोर दिया। उन्होंने किसानों से अपील किया कि वह गेहूं व धान की खेती के साथ-साथ सरसों, मसूर आदि की खेती पर भी विशेष ध्यान दें। मेला में किसानों को बताया गया कि कृषि यंत्रों पर 50% , सोलर पंप पर 60% व पराली प्रबंधन से जुड़े यंत्रों पर 80 से 90% की छूट दिया जा रहा है। सभी किसान पीएम किसान सम्मान योजना के तहत ईकेवाईसी व भूलेख मैपिंग अवश्य करा लें। इसे नहीं कराए जाने पर वह इस योजना से वंचित रह जाएंगे। इस मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह, बाल गोविंद तिवारी, संजय सिंह, तीर्थराज सिंह, कृष्ण कुमार चौरसिया, चन्द्र मोहन सिंह, रवि सिंह सहित भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# निरिया ग्राम सभा मे? समाज सेवी ने चलाया स्वच्छता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

नैनी। विकासखंड करछना सहायक विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा ने ग्राम प्रधान निरिया अमृत लाल के नेतृत्व में धरवारा न्याय पंचायत के सफाई कर्मियों द्वारा नाली की सफाई खरंजा के अगल-बगल झाड़ियों की कटाई वह एंटी लारवा का छिड़काव निमन कर्मचारियों द्वारा किया गया इस मौके पर? समाजसेवी पवन कुमार यादव, सफाई कर्मी अनिल कुमार सोनकर, राजेश सोनकर, सत्यम सिंह, बद्री प्रसाद, सुरेश कुमार, शिव बाबू, दिनेश कुमार और गांव के सम्मानित लोग ग्राम प्रतिनिधि मुकेश कुमार,कृष्ण मोहन यादव, रामजी यादव, शीतला प्रसाद यादव, राम मोहन यादव, रविंद्र कुमार, अजीत कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



# गाढ़ा व पैंतिहा में कागज पर जंगलों में कराया गया वृक्षारोपण




## जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह के प्रतिनिधि ने की जांच की मांग



**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा/ प्रयागराज।** वन रेंज कोरांव क्षेत्र के गाढ़ा व पैतिहा ग्राम सभा के जंगलों में कागज पर वृक्षारोपण कराए जाने का आरोप जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह के प्रतिनिधि किसान नेता राजेश पटेल ने लगाया है।

उन्होंने कहा कि वन विभाग के द्वारा स्थानीय पहाड़ों पर कागजों में तो वृक्षारोपण करा दिया गया, जबकि हकीकत में पौध नहीं रोपे गए हैं। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर जाकर वृक्षारोपण की जमीनी हकीकत की पड़ताल की गई किंतु कागज के सिवाय जमीन पर कुछ भी नहीं हुआ है। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सरकारी धन का गबन कर रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि किसान नेता राजेश पटेल ने कहा है कि सरकारी धन की बंदरबांट करने वाले अधिकारियों की जांच कराई जाय। दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाय, अन्यथा इसकी उच्चस्तरीय शिकायत कर जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कागजी बाजीगरी कर पौधरोपण के नाम पर धन की बंदरबांट की गई है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

# सपा मुखिया नेता जी के निधन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने दी श्रधांजलि





**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र नगरपंचायत सिरसा में कार्यक्रम स्थल शिवगंगा वाटिका में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के श्रधांजलि देने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। समाजवादी पार्टी के तरफ से सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव के निधन पर सपा कार्यकर्ताओं ने नेता जी के चित्र पर पुष्प अर्पित श्रधांजलि श्रद्धावत दी और नेता जी मुलायम सिंह यादव का शांति हवन का कार्यक्रम किया गया। समाजवादी पार्टी की नींव रखने वाले मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवम्बर 1939 के उत्तर प्रदेश इटावा जिला सैफई गांव में हुवा था। इनके माता का नाम मूर्ति देवी और पिता का नाम सुधर सिह था। नेता जी 10 अक्टूबर 2022 को गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में बीमारी के चलते देहांत हो गया था। वे 82 वर्ष के उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। श्रद्धावनत कुँवर रेवती रमण सिह (पूर्व राज्य सभा सदस्य, पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार) ने नेता जी मुलायम सिंह के चित्र पर दिप जलाकर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व सांसद ने कहा कि हम सबके नेता मुलायम सिंह यादव इस दुनिया को अलविदा कह दिया हैं। लेकिन उनकी बातें दुनियां में याद रहेगा। पूर्व मंत्री ने कहा कि नेता जी निधन से समाजवादी पार्टी ही नही बल्किन देश के समाजवादी आंदोलन को अपूर्णीय क्षति हुई हैं। नगरपंचायत सिरसा चेरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी मेजा ने कहा कि नेता जी के विचारों और पदचिन्हों पर चलकर आम जनता की मदद करना ही सच्ची श्रद्धांजलि हैं। श्रधांजलि सभा मे अखिल भरतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा बधवा मेजा रोड में जिलाध्यक्ष रामनिरंजन विश्वकर्मा और उनके टीम के नेतृत्व में सपा मुखिया मुलायम सिंह के निधन पर शोक- सभा श्रधांजलि किया गया। श्रधांजलि सभा मे लल्लन सिंह, हर्षित पांडेय, वीरेंद्र सिंह पटेल प्रबन्धक, नितेश तिवारी, अनिल यादव, गुड्डू यादव, पांचू राम निषाद, राजू अग्रवाल, राजकुमार विश्वकर्मा, सुरेश यादव पूर्व सभासद, सावित्री विश्वकर्मा, सुरेश यादव सभासद, ओम नरायण विश्वकर्मा, काशी नरेश यादव, फते बहादुर यादव, रविशंकर विश्वकर्मा, पप्पू यादव एसबीएस, उमेश विश्वकर्मा पत्रकार, विजय राज सिंह यादव, संतोष जैसल, राजा विश्वकर्मा, महेश राज सिंह पूर्व प्रमुख उरुवा, नीरज सिंह यादव प्रधानप्रतिनिधि, कमलेश विश्वकर्मा आर्य फाउंडेशन, राजू सिंह, विमल यादव, श्रीकांत यादव, जिलेदार विश्वकर्मा, गया प्रसाद पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, रामआसरे विश्वकर्मा, एडोकेट मनीष भारतीय, रामकैलाश कनौजिया, सपा कार्यकताओं श्रधांजलि में उपस्थिति रहे।

## मुलायम सिंह मेरे राजनीति अभिवावक थे-रेवती

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** मुलायम सिंह यादव जी के निधन से अपूरणीय क्षति हुई हैं वे मेरे राजनीतिक अभिवावक थें पार्टी हो या व्यक्तिगत हर पल हम लोगों ने एक दूसरे का साथ सुख-दुख में दिया है ऐसा नेता सदियों में एक पैदा होता हैं जो सम्बंधों को सम्भल सकें।उक्त बातें भारीमन से पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने मुंगारी करछना में मुलायम सिंह यादव जी की श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए कहीं उन्होंने कहा कि अब तो तत्कालीन लाभ कि राजनीति होती हैं मुलायम सिंह ने एक-एक गांव शहर सभी जाति धर्म को जोड़ कर समाजवादी पार्टी खड़ी की जो आज इस मुकाम पर हैं उनके निधन के साथ ही समाजवादी विचारधारा के युग का अंत हो गया।पूर्व सांसद ने कहा कि मैं आशा करता हूँ कि अखिलेश यादव मुलायम सिंह जी के विरासत को आगे ले जाने का कार्य करेंगे । संचालन रंजीत सोनकर, संयोजक बाबा यादव, सभा में नि.जिलाउपाध्यक्ष विनय कुशवाहा, जि.प.स.राजेश्वर पाण्डेय, जि.प.स डॉक्टर विजय बाबू ,राजकुमार यादव, राजूसिंह, बाबा यादव,रामसागर मुखिया यादव, नंदा निषाद, पप्पू इजरायल,ननकेश यादव,पुष्कर,बब्लू यादव,शिवराम आदि लोग थें।

# शुआट्स में महिला स्वास्थ्य जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

**अखंड भारत संदेश**




**नैनी।** वाणिज्य विभाग, जोसेफ स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड कॉमर्स, शुआट्स द्वारा विश्वविद्यालय सभागार में महिला स्वास्थ्य जागरूकता और कल्याण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्रो. (डॉ.) जोनाथन ए लाल, प्रो-वाइस चांसलर (शैक्षिक) मुख्य अतिथि थे। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य पहलू और उनकी स्वास्थ्य प्राथमिकताओं के बारे जोर देने की बात कही। कार्यशाला की विशिष्ट अतिथि डॉ. (श्रीमती) अभिलाषा जे लाल, निदेशक मानव संसाधन ने कहा कि महिलाएं अपने परिवार की जरूरतों का ख्याल रखने के लिए अपने स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं और काम के मोर्चे और घर दोनों का प्रबंधन करती हैं और पूरी प्रक्रिया में अपने स्वयं के स्वास्थ्य की उपेक्षा करती है।

रिसोर्स पर्सन प्रख्यात चिकित्सा व्यवसायी डॉ. (श्रीमती) साक्षी अग्रवाल थीं। उन्होंने महिलाओं के सामने आने वाले स्वास्थ्य खतरों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे अच्छी देखभाल और पेशेवर सुझावों का पालन करके वे कुछ स्वास्थ्य जोखिमों को कम कर सकती हैं।

प्रोफेसर (डॉ) जेएन मिश्रा, फैकल्टी डीन ने प्रकाश डाला कि कैसे पुरुषों को भी महिलाओं के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में संवेदनशील बनाने की आवश्यकता है और उन्हें अपने तनाव के स्तर को कम करके अपने परिवारों में महिलाओं का समर्थन करने के लिए प्रयास करने का प्रयास करना चाहिए। . प्रोफेसर (डॉ) स्टीफन दास, स्कूल डीन ने इस तरह की कार्यशालाओं को आयोजित करने और महिलाओं को उनके स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जागरूक करने के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं जीवन को समृद्ध बनाने में कैसे मदद कर सकती हैं। प्रोफेसर (डॉ) गौतम घोष, संकाय डीन ने भी विचार रखे। धन्यवाद प्रस्ताव कार्यशाला की संयोजक डॉ. रेजिना जॉन ने दिया। डॉ साक्षी अग्रवाल, डॉ. कामिन अलेक्जेंडर, डॉ. शामला एस. मसीह सहित वाणिज्य विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

## सजधजकर निकला परसरा का रामादल ,लगा मेला

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** क्षेत्र के परसरा बसंती गांव में जय मां शारदा रामलीला के तत्वाधान में विगत दिनों से चल रही रामलीला मंचन का गुरुवार को दशहरा मेले के साथ समापन हुआ । भव्य रूप से सजी राम दरबार की झांकी देख लोग भाव विह्वल हो गए। रावण का पुतला दहन के बाद रामलीला मंच पर वनवास से चौदह वर्ष बाद लौटे श्री राम का राज्याभिषेक किया गया । श्री राम का राज्याभिषेक होते ही जय श्री राम के उद्घोष से पांडाल गुंजायमान हो गए । कार्यक्रम समापन के बाद मंचीय व्यवस्था को सफल बनाने के लिए समर्पित सदस्यों की समिति द्वारा अंगवस्त्र पहनाकर समानित किया गया । इस मौके पर व्यास शिवाजी द्विवेदी, भूपेंद्र पाठक, आलोक धानी, जागृत कुमार पाण्डेय राजधर द्विवेदी,अभिषेक शुक्ल, लालमन पाल, अखिलेश ,बुद्धि प्रकाश द्विवेदी,शशिकांत पाण्डेय,महेश मिश्र योगेश पाठक,आशीष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहे।

## हीरा हलवाई के दुकान पर छापेमारी, खराब हो चुका 120 किग्रा गुलाब जामुन किया गया नष्ट

**प्रयागराज।** दीप पर्व पर खराब मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों की बिक्री का सिलसिला थम नहीं रहा है। अब सिविल लाइंस स्थित हीरा हलवाई दुकान पर 120 किग्रा खराब गुलाब जामुन पकड़ा गया है। इसकी कीमत करीब 48 हजार रुपये बताई जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मौके पर ही उसे नष्ट करा दिया।त्योहारों के दौरान खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से 17 अक्तूबर से अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में टीम ने शुक्रवार को हीरा हलवाई दुकान पर छापेमारी की, जहां खराब गुलाब जामुन पकड़ा गया। सहायक आयुक्त ममता चौधरी ने बताया कि गुलाब जामुन के नमूने लिए गए हैं। नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।इसी क्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में भी अभियान चलाकर मिल्क केक, खोया, काजू बर्फी, रंगीन चीनी खिलौना आदि के 20 संदिग्ध नमूने एकत्रित किए गए। ममता चौधरी ने बताया कि अब तक कुल 91 संदिग्ध नमूने लिए जा चुके हैं। सभी नमूने जांच के लिए भेज दिए गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी अभियान चलेगा।

## अध्यापकों से वसूली और निलंबन के आदेश पर रोक, राज्य सरकार से मांगा जवाब

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने किदवई नगर, कानपुर के कौशल्या देवी बालिका इंटर कॉलेज के चार अध्यापकों की नियुक्ति में कानूनी प्रक्रिया का पालन न करने के आरोप में अध्यापकों के निलंबन तथा धन की वसूली पर रोक लगा दी है। राज्य सरकार से याचिका पर छह सप्ताह में जवाब मांगने सहित विभागीय जांच कार्रवाई नियमानुसार पूरी करने तथा याचियों को जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। याचिका की सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी ने महेश कुमार गुप्ता की याचिका पर दिया है। याची की ओर से कहा गया कि नौ दिसंबर 2000 के शासनादेश में अध्यापकों की नियुक्ति का अनुमोदन करने का अधिकार क्षेत्रीय स्तरीय कमेटी को है, बशर्ते कोर्ट का आदेश न हो। याची के मामले में कोर्ट ने शिक्षा निदेशक को निर्देश दिया था। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को चेतावनी देते हुए अनुमोदन करने का आदेश दिया था, जिस पर निरीक्षक ने नियुक्ति का अनुमोदन कर दिया। आदेश शासनादेश की शर्तों के अनुरूप है। इसलिए वसूली तथा निलंबन आदेश रद्द किया जाय।मालूम हो कि जिला विद्यालय निरीक्षक ने कॉलेज प्रबंध समिति को चार अध्यापकों की नियुक्ति करने की अनुमति दी। विधिक प्रक्रिया अपनाते हुए नियुक्ति कर अनुमोदन के लिए निरीक्षक को पत्रावली भेजी गई। कोई निर्णय न होने पर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने याचिका निस्तारित करते हुए शिक्षा निदेशक को निर्णय लेने का आदेश दिया।

निदेशक ने जिला विद्यालय निरीक्षक को कोर्ट के आदेश का पालन करने का निर्देश दिया, जिसका पालन किया गया किंतु बाद में शासनादेश का हवाला देते हुए निरीक्षक के आदेश को प्रक्रिस्या के विपरीत अवैध करार देते हुए निलंबित कर वसूली आदेश जारी किया गया। इसे चुनौती दी गई है।

## जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में मनाया गया दशहरा एवं दीपोत्सव

**करछना।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल भीरपुर में कक्षा नर्सरी से पांच तक के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण में विजयदशमी को दीपोत्सव पर अनेक कार्यक्रम आयोजित कर दर्शकों का मन मोह लिया । इस कार्यक्रम में वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमती कुसुम पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत्पश्चात केवट - राम संवाद , सीता हरण , राम राजदरबार की मनमोहक झांकियां स्कूल के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई । तत्पश्चात विद्यालय संरक्षक के के शुक्ला द्वारा दीपोत्सव के महत्व के बारे में और अपने अंदर के रावण को जलाने के बारे में बताया । अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया । इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे ।

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा,जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आठ चयनित

## आरकेआईसी में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रधानाचार्य ने कहा- डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए जागरुकता जरूरी

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में नोडल स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य व नोडल प्रभारी शंकरगढ़ एपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में महर्षि दयानंद शिक्षा निकेतन शंकरगढ़ से दो प्रोजेक्ट व मेजबान विद्यालय से 8 प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। प्रतिभागी बाल वैज्ञानिकों ने जल जनित बीमारियों, खानपान में आदतों से संबंधित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। जूनियर वर्ग में रोशनी केसरवानी व नंदिनी चौधरी, कृतिका केसरवानी, इशिता गुप्ता, नमन चौधरी और सीनियर वर्ग में पीयूष शुक्ला, श्रेयांश सिंह, कार्तिकेय तिवारी के प्रोजेक्ट जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 29 अक्टूबर को क्रास्थवेट गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रयागराज में आयोजित होगी।प्रधानाचार्य एपी सिंह ने कहा, इस तरह की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच पैदा होती है। सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए। इस समय पूरे जनपद में डेंगू का प्रकोप चल रहा है। सभी सावधान रहें व मच्छरदानी का प्रयोग करें। अपने घर में पानी को ढककर रखें। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रयागराज के जिला संगठन सचिव ओपी धारिया ने किया। कार्यक्रम में रामबोध खरवार, राकेश चंद्र मिश्र, वकील प्रसाद शुक्ला, पन्नेलाल, अनिल त्रिपाठी, सिद्धार्थ तिवारी, विज्ञान क्लब प्रभारी सीवी यादव व गोल्डी गुप्ता उपस्थित रहे।

### पॉलिथीन मुक्त बनाने के रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक

**घूरपुर।** खेल मंत्रालय भारत सरकार के पॉलिथीन मुक्त भारत ,अभियान के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र अधिकारी प्रयागराज, जागृति पांडे के नेतृत्व में जिले के विभिन्न ब्लाकों में संचालित पॉलिथीन मुक्त अभियान के क्रम में कौंधियारा ब्लाक के पवरी ग्राम सभा में जी.जी.एम.स्कूल के बच्चों ने भारत को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया।

# मुंबई से पधारे भजन गायक सूर्य प्रकाश दुबे के भजनों से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**अखंड भारत संदेश**



**नैनी।** स्वदेशी शिल्प महोत्सव में प्रतिदिन हो रही सांस्कृतिक संध्या दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों पर पहुंचते हुए नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है इसी क्रम में मंच पर दसवें दिन प्रयागराज से निकलकर मुंबई के जाने-माने सितारे एवं पार्श्वगायक सूर्य प्रकाश दुबे के भजनों ने यमुनापार क्षेत्रवासियों को भावविभोर कर दिया ,सूर्य प्रकाश दुबे ने भगवान राम की स्तुति से स्वदेशी के मंच को इस तरीके से बांधा की क्षेत्रवासी गीतों को सुनते ही रहे,कार्यक्रम की शुरूआत लोक गायिका मोहनी श्रीवास्तव के भजनों से हुई इसके बाद लोक गायिका संदीपमा वर्मा ने अपने भजनों से दर्शकों को खूब रिझाया।

मुख्य आकर्षण मुंबई से पधारे गायक सूर्य प्रकाश जी रहे जिन्होंने कई बेहतरीन नगमों से दर्शकों को बांधे रखा एवं आयोजन समिति को इस प्रकार के विशेष कार्यक्रम आयोजन करने के लिए धन्यवाद देते हुए गायक उद्घोषक तथा अभिनेता प्रियांशु श्रीवास्तव के संघर्षों की कहानी को बयां करते हुए उनके जज्बे को प्रणाम किया तथा सदैव कलाकारों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रियांशु को बधाई दी श्री दुबे ने उनके आने वाले टी सीरीज के दस नए प्रोजेक्ट्स में अभिनय के लिए प्रियांशु श्रीवास्तव को शामिल कर उसमें अभिनय के लिए आमंत्रित भी किया, तथा भविष्य में अपनी पूरी टीम के साथ शिल्प महोत्सव के मंच पर शिरकत करने का वादा किया ।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में शास्त्रीय संगीत की नृत्यांगना चंद्रानी गुप्ता एवं लोक गायिका तथा संगीत आचार्या श्रीमती शिखा गुप्ता के निर्देशन में उनकी टीम ने गीत संगीत एवं नृत्य की पारंपरिक प्रस्तुतियां देकर तथा विविध भाषाओं में प्रस्तुतियां देकर भारतीय शास्त्रीय लोक परंपरा का एक वास्तविक चित्रण पेश किया, कार्यक्रम के अंत में संस्था के संरक्षक शशांक शेखर पांडे सचिव दत्तात्रेय पांडे तथा भजन गायक आशीष शर्मा ने समस्त कलाकारों को अंग वस्त्र, तुलसी का वृक्ष तथा प्रतीक चिन्ह के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

## तापस बेष बिसेषि उदासी चौदह बरिस रामु बनबासी

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** आदर्श राम लीला समिति असवां तिवरान में आयोजित रामलीला मंचन में एक तरफ पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक की तैयारी चल रही थी तो दूसरी तरफ मंथरा ने माता कैकेयी के पास जाकर राजा दशरथ द्वारा दिये गये।

दोनो वचनों को याद कराते हुए राम को चौदह वर्ष के बनवास एवं भरत को राजगद्दी मांग देने के लिए प्रेरित करती है।जिसके बाद कैकेयी राजा दशरथ से संवाद करते हुए दोनों वर माँगती है राजा दशरथ अपने दोनों वचनों को पूरा करते है राम पिता के वचनों को सहर्ष स्वीकार करते हुए वन को चल देते है।राम सीता लक्ष्मण के वन जाते ही महाराज दशरथ पुत्र वियोग मे प्राण त्याग देते हैं।रामलीला वनगमन, केवट संवाद, सूर्पनखा नाककटैया, खरदूषण वध, सीता हरण, राम सुग्रीव मित्रता, बालि बध तक सुंदर मंचन किया गया।इस अवसर पर प्यारे मोहन मिश्र, सच्चिदानंद मिश्र, चंद्रमणि तिवारी भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य, सुभाष मिश्रा पूर्व प्रधान, अभिषेक तिवारी चंचल मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## धनतेरस के लिए बाजार सज कर तैयार

**झूंसी।** धनतेरस की खरीदारी के लिए बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार हो गए हैं। दीपावली पूजन के लिए बाजारों में ग्राहकों की दिनभर भीड़ रही हर तरफ चहल पहल का माहौल रहा गणेश लक्ष्मी की प्रतिमा के साथ साजो सजावट के सामान की दुकानों पर अधिक भीड़ नजर आई। मिट्टी के दीपक की भी खूब ब्रिक्री हो रही है। बर्तन, आभूषण, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के साथ वाहनों के शोरूम ग्राहकों के शोरूम आकर्षक लाइटों से विशेष रूप से सज कर तैयार है। ग्राहकों ने अपने मन पसन्द वाहनों के साथ धनतेरस पर अन्य समानो की खरीदारी के लिए पहले से ही बुकिंग करा रखी है।

## अगाध भक्ति से ध्रुव लोक पहुंचे ध्रुव:शम्भू शरण

**अखंड भारत संदेश**



**करछना।** क्षेत्र के हनुमान धाम बलापुर में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास आचार्य शंभूशरण जी ने ध्रुव की कथा का रसपान कराते हुए श्रोताओ को भावविभोर कर दिया।उन्होने कहा कि अपने अल्प वय में ही ईश्वर के प्रति अगाध भक्ति की शक्ति ने बाल ध्रुव को ध्रुव लोक का स्वामी बना दिया।कथा व्यास ने भगवान कपिल और रिषभदेव के अवतरण का प्रसंग सुनाते हुए भक्तजनों को मंत्रमुग्ध किया।गोवर्धन पूजा की कथा के उपरांत रूक्मिणी कृष्ण विवाह की संगीतमय कथा पर श्रोता झूम उठे।भागवत कथा के महात्म और प्रेम भक्ति से पुरित तीसरे दिन की कथा में बीच-बीच में कथा व्यास द्वारा भक्ति संगीत और भजनों की प्रस्तुतियों से सभी आह्लादित हुए।मुख्य यजमान आशा,लव कुमार पांडेय ने भागवत और व्यास का माल?र्पण किया।मंच संचालक राजेंद्र शुक्ल ने कथा श्रवण हेतु आये लोगों के प्रति स्वागत आभार प्रकट किया।इस मौके पर रामकृष्ण त्रिपाठी,दिनेश त्रिपाठी,मनीष त्रिपाठी,मोहन जी शुक्ल,प्रभुनाथ शुक्ल,गणेश शंकर,लोक नारायण,भानूदत्त मिश्र,इंद्रदेव मिश्र,डा0आशुतोष मिश्रा,रचना पांडेय,सुनीता मिश्रा समेत क्षेत्रीय प्रवुद्धजन एवं श्रोताजन मौजूद रहे।

## पैसे का प्रभाव पुलिस की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच में बाधा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि आपराधिक घटनाओं के मामले में पुलिसिया जांच पर गंभीर टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा कि पैसे का प्रभाव पुलिस की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच में बहुत बड़ी बाधा है।

कोर्ट ने कहा कि समाज के प्रभावशाली लोग पुलिस अधिकारियों पर पैसे के जरिए दबाव अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवाने का दबाव डाला जाता है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ ने झांसी के संजीव उर्फ कल्लू सेठिया की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए दिया है।कोर्ट ने मामले में कहा कि याची के खिलाफ अपराध केलिए कुछ भी सामग्री नहीं है, लेकिन पुलिस ने दबाव के तहत उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।

याची पर हत्या के प्रयास, दंगा, शांतिभंग सहित विभिन्न धाराओं में झांसी के मऊरानीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। कोर्ट ने कहा कि पुलिस जब ब्रिटिश सरकार के नियंत्रण में थी तो उस समय के दौरान सरकार के उनके शासन के उद्देश्य और उसको बनाए रखने के अनुसार दिए गए निर्देश को ध्यान में रखते हुए जांच की जाती थी, इसलिए जांच निष्पक्ष नहीं होती थी । आजादी के बाद देश को एक कल्याणकारी राज्य के रूप में स्थापित किया गया, लेकिन, कानून व्यवस्था, सांप्रदायिक दंगों, राजनीतिक उथल-पुथल को देखते हुए पुलिस पर अधिक काम का बोझ बढ़ गया। इसके अलाव अशांति, आतंकवाद, सफेदपोश अपराधों में वृद्धि से पुलिस के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं, इसलिए पुलिस पर दबाव अधिक आ गया है। इसलिए उसने निष्पक्ष जांच के लिए यांत्रिक जांच शुरू कर दी। इसलिए प्रभावशाली लोग पैसे के जरिए पुलिस पर दबाव बनाकर अपने पक्ष में रिपोर्ट लगवाते हैं।

# फाफामऊ से रायबरेली तक रेलवे लाइन का होगा दोहरीकरणः सांसद

## कुंडा में तीन रेलवे फाटक पर बनेंगे ओवर ब्रिज

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रयागराज के फाफामऊ से रायबरेली तक रेलवे लाइन का दोहरीकरण होगा। सांसद विनोद सोनकर ने प्रेस वार्ता में कहा कि मेरे प्रस्ताव पर केंद्र सरकार द्वारा डीपी बनवाने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। रेलवे लाइन दोहरीकरण से क्षेत्र के लोगों को अधिक लाभ मिलेगा। कुंडा क्षेत्र में तीन रेलवे फाटक पर जल्द ही ओवर ब्रिज बनाने का कार्य प्रारम्भ हो जायेगा। जिससे यात्रियों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

कौशाम्बी लोकसभा के कुंडा एवं बाबागंज विधानसभा में विकास कार्य 2014 से लगातार चल रहा है। अब कुंडा व बाबागंज की सड़के बदल गई। 2014 के पूर्व कुंडा की सड़के कैसी थी। यह सभी लोग जानते है। प्रधानमंत्री सड़क योजना से गांवों की तस्वीर बदल रही है। कुंडा क्षेत्र के प्रमुख मार्गो को प्रधानमंत्री सड़क योजना से चैड़ीकरण हुआ। कुंडा में बाई पास बन जाने के बाद जाम से मुक्ति मिली। मेरे प्रयास से 2014 से विद्युतीकरण का कार्य चल रहा है। लेहदरी गंगा पुल में अप्रोच मार्ग बनने से लोगो की सुविधा मिली। करेटी में गंगा पुल बनवाया गया। पत्रकारवार्ता में भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, षिव प्रकाष मिश्र सेनानी, राजेश मिश्र राजन, डीपी इंसान, पूनम इंसान, सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय तथा भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला सहित अनेक नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पत्रकारवार्ता में बोलते कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का स्कूली बच्चों ने किया अभिनय

**प्रतापगढ़।** साकेत ग्रुप आफ कालेजेज दहिलामऊ में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में शुक्रवार को छात्राओं द्वारा महात्मा गांधी, सरदार भगत सिंह, चंद्रषेखर आजाद, रानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, भारत माता, झंकारी बाई, मनु, चेन्नमा, बेगम हजरत, दुर्गावती, पदमावति आदि का अभिनय किया। कार्यक्रम का शुभारंभ षिक्षक विधायक उमेष द्विवेदी ने करते हुए कहा कि छात्राओं की प्रस्तुति इतनी आकर्षक थी कि मानो आज सारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी इस महाविद्यालय परिसर में उपस्थित हो गये हों। बापू का स्वरुप लिये छात्र दिव्यांष, अर्सिमा एवं बेगम हजरत का अभिनय करती मोहसिना की सराहना किये मेरा दिल मान नहीं रहा है। पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने विद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक के संघर्ष को रेखांकित करते हुए विद्यालय की प्रगति के लिये ईष्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वकील परिषद के अध्यक्ष सूर्यकांत मिश्र निराला ने किया।

# एमएमपीजी कालेज कालाकाँकर में टेबलेट व स्मार्ट फोन वितरण



छात्रों को टैबलेट देतीं प्रबंधक राजकुमारी रत्ना सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन की टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण योजना के अन्तर्गत शुक्रवार को स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्रबन्धक राजकुमारी रत्ना सिंह थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी कालाकांकर जी. डी. शुक्ला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालाकाँकर राजभवन के प्रबन्धक डॉ घनश्याम यादव ने किया कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सूर्यभान सिंह रहे।

प्राचार्य प्रो0 शिवम श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो0 प्रदीप कुमार सिंह, प्रो. इन्दूरेखा सिंह, प्रो. विनीता सिंह प्रो. रेखा सिंह, प्रो शिवभूषण, प्रो. रामकरण, प्रो. हवलदार सिंह, डॉ ज्योति गुप्ता, भूपेश सिंह, सर्वेश सिंह, प्रीति सिंह, सत्यप्रकाश सिंह आदि शिक्षक तथा अफसार अहमद, अब्दुल रज्जाक व विजय कुमार शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय दंगल में मेरठ के साकिर नूर ने काली पहलवान को चित कर जीता चैम्पियनशिप

## ढ़िगवस में स्व. शशिधर मिश्र स्मॉरक विराट दंगल में पहलवानों के दिखे अचरज भरे दांव

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ढिगवस क्षेत्र के भगौतीगंज बाजार में जाने माने पहलवान स्व. शशिधर मिश्र की स्मृति मे राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता मे देश भर से जुटे पहलवानो ने कुश्ती के एक से बढ़कर एक अचरज भरे दांव दिखाये। पहलवानों की रोंमांचक कुश्ती देखकर बडी संख्या मे जुटे दर्शको ने दांतो तले उंगली दबा ली।

इसके पहले बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने बतौर मुख्य अतिथि पहलवानो का प्रतीकात्मक हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि कुश्ती भारत की प्राचीन खेल संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह हमे शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करने के साथ मानसिक चेतना को भी ऊर्जा प्रदान किया करती है। आयोजक ग्राम प्रधान शांतिभूषण मिश्र रज्जन ने दंगल के ध्येय पर प्रकाश डाला। सह संयोजक शिवभूषण मिश्र सज्जन ने अतिथियों व पहलवानो का स्वागत किया। चैम्पियन मुकाबले मे मेरठ के साकिर नूर ने मथुरा के काली पहलवान को पटखनी दे विजेता खिताब हासिल किया। वहीं प्रतियोगिता मे नेपाल के आकर्षण रहे देवथापा ने कई पहलवानो को चित करते हुए पंजाब के जल्लाद सिंह को भी धूल चटाया। महिला कुश्ती में गोरखपुर की शिवांगी ने कानपुर की अल्पना सिंह को तथा दिल्ली की वैशाली ने कन्नौज की साक्षी व गोण्डा की शिवांगी ने आजमगढ की रोशनी को करारी शिकस्त दी। प्रतियोगिता में बनारस के संदीप ने गोरखपुर के आशीष तथा गोरखपुर के राजेश ने सोनभद्र के मनोज व अयोध्या के सुदामा ने जौनपुर के सिद्धू तथा गोरखपुर के चंदू ने इटावा के ओमप्रकाश व मिजार्पुर के टमाटर ने बिहार के काला चीता तथा कौशाम्बी के रामकृष्ण ने दिल्ली के रॉकी को धूल चटाकर आकर्षक इनाम जीते। उदघोषक रामेश्वर प्रसाद शुक्ल तथा आद्याशरण शुक्ल एवं रेफरी लालजी तिवारी व कमलेश द्विवेदी की भूमिका दर्शको को जमकर भायी। इस मौके पर भाजपा नेता कुंदन सिंह, हौसिला ओझा, जिपंस दिलीप पाण्डेय, अशोक मिश्र, उमेश तिवारी, विश्वभवन शुक्ल, बबलू शुक्ला, जीतेन्द्र जी महराज, ओमानंद, विजय मिश्र गोली, इंद्रनारायण द्विवेदी, ललित कुमार मिश्र, सासंद विनोद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, हरीश मिश्र आदि रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर के मेधावियों के पीसीएस में सफलता पर खुशी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के तीन पूर्व छात्रों के पीसीएस परीक्षा में सफलता मिलने पर शुक्रवार को विद्यालय मे खुशी का माहौल दिखा। विद्या मंदिर के इन पूर्व छात्रों मे हुसेनपुर इदिलपुर निवासी डा. अवध नारायण मिश्र के पुत्र आशीष मिश्र, डांडी सगरा सुंदरपुर निवासी स्व. संजय सरोज के पुत्र राहुल सरोज तथा पूरे गंगू मिश्र निवासी अरविंद शुक्ल के पुत्र अंकित शुक्ल के पीसीएस मे चयनित होने पर आचार्यो व अभिवावको के चेहरे पर प्रसन्नता देखी गयी। विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र ने इस उपलब्धि को विद्यालय की मेधाशक्ति का गौरव ठहराया है। वहीं उप प्रधानाचार्य उमेश पाल तथा पूर्व छात्र परिषद प्रमुख आचार्य प्रमोद पाण्डेय ने भी पीसीएस के परीक्षा परिणामो मे इन सफलताओ को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण कहा है।

# स्वच्छता नागरिकों का मूल मंत्र होना चाहियेः हरिप्रताप

## रामराम चौराहे पर नवनिर्मित शौचालय का नपाध्यक्षा ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत रामराम चैराहे के भारत निर्वाचन कार्यालय के पास नवनिर्मित शौचालय का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक/नगर पालिका अध्यक्ष हरिप्रताप सिंह द्वारा उपस्थित जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका नगर को स्वच्छ बनाने के लिये इस तरीके के शौचालय हर वार्ड में बनाएगी। स्वच्छता नागरिकों का मूल मंत्र होना चाहिये क्योंकि इससे मनुष्य स्वस्थ रह सकता है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता ज्वाला सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नए वार्ड से संबंधित नंदलाल सिंह, विजय सोलंकी, मदन सिंह, लल्लू, भूपेंद्र सिंह आदि लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किये गए कार्यो की सराहना की। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में राम राम चैराहा अम्बेडकर चैराहा की तरह दिखाई देगा।

नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा उपस्थित जनमानस को बताया गया कि हर समस्या के समाधान के लिए हम 24 घंटे आपके लिए उपलब्ध है। इस वार्ड के वासियो को धनतेरस और दीवाली की बहुत बहुत शुभकामना भी दिया। इस कार्यक्रम में स्वछ भारत मिशन के डी पी एम वरुण कुमार सिंह, डी सी आशीष मिश्रा, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, मिथलेश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।



नगर पालिकाध्यक्षा का स्वागत करते रामराम चौराहे के लोग।

# प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में बच्चों को बांटी गई स्टेशनरी, बच्चों को फल भी किया गया वितरित



स्टेशनरी मिलने पर प्रसन्न मुद्रा में स्कूली बच्चे।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर विकास खंड स्थित मॉडल प्राथमिक विद्यालय जहनईपुर में दीपावली के उपलक्ष्य में आज निशांत शुक्ल के द्वारा बच्चों के लिए मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद कहानी संग्रह चोखी कहानियां की पुस्तक के साथ ही स्टेशनरी एवं फल वितरित किया गया।

शासन द्वारा सप्ताहवार निर्धारित गतिविधियों के क्रम में इस सप्ताह बच्चों में पठन-पाठन की रूचि बढ़ाने के लिए पठन आधारित गतिविधियां कराने का निर्देश है। विद्यालय में शासन के निर्देश के क्रम में इस सप्ताह प्रतिदिन पठन आधारित सुरुचिपूर्ण गतिविधियां कराई गयीं। इसी श्रृंखला में आज प्रधानाध्यापिका प्राची पांडे द्वारा दीपावली के शुभ अवसर को दृष्टिगत रखते हुए सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत निशांत शुक्ल के सहयोग से आज बच्चों में पुस्तकें, स्टेशनरी एवं फल वितरित कराया ताकि बच्चों में आगे भी पठन के प्रति रुचि बनी रहे। उपहार पाने पर बच्चे अति प्रसन्न एवं उत्साहित रहे। इस दौरान समाजसेवी अनिल कुमार शुक्ल, छोटू, शिक्षक जिष्णेंद्र प्रताप सिंह, वर्षा पांडे, श्रुति मिश्रा, अरुणा मिश्रा, पुष्पा पटेल, रितु, संजना, कृष्णा, रानी, जय देवी, सरोजा आदि उपस्थित रहीं। प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षकों ने उपहार बांटने वाले समाजसेवियों के प्रति आभार जताया।

## अव्वल रही मुस्कान और ईशा की रंगोली

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कंपोजिट विद्यालय जोगापुर में इंचार्ज उमा मिश्रा के निर्देशन में दिवाली पर्व पर छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें छात्राओं के कई समूहों ने भाग लिया। मोर और दीप माला की रंगोली तैयार करके छात्राओं ने उसमें दीप प्रज्वलित किया। खास बात यह रही कि प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका में स्कूल के बच्चे ही थे। उनके द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर प्रतियोगिता का जो परिणाम घोषित किया गया। उसमें क्लास आठ की ईशा और सात की मुस्कान की टीम संयुक्त रूप से विजेता हुई। प्रतियोगिता के सूत्रधार टीचर राजेश कुमार ने दिवाली पर्व के महत्व को बच्चों के बीच साझा किया। प्रतियोगिता में सलोनी, रिया समेत कई छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# सेंट एंथोनी के छात्र मोहम्मद फहद अनीस ने बनाया भूकंप रोधी अलार्म

## राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये हुए चयनित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 50वीं जवाहरलाल नेहरू विज्ञान गणित एवं पर्यावरण राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2022 के राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए जूनियर वर्ग में उप विषय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में उन्नति में मॉडल भूकंप रोधी अलार्म प्रथम स्थान पर चयनित हुआ है।

मोहम्मद फहद अनीस का कहना है कि भूकंप का केंद्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती है। भूकंप के झटके जैसे ही महसूस हो तुरंत आपको घर में से बाहर खुली जगह पर निकल जाना चाहिए। बड़ी इमारत, बिजली के खंभों और पेड़ों से ज्यादा दूरी बना लेनी चाहिए। घर या ऑफिस या संस्थानों से बाहर निकलने के लिए लिफ्ट का इस्तेमाल बिल्कुल भी ना करें। नीचे उतरने के लिए सीढ़ियों का इस्तेमाल करें इसीलिए उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए और लोगों के जीवन को सुरक्षित बचाने के लिए भूकंप रोधी अलार्म बनाया है जिसके माध्यम से जैसे ही भूकंप आएगा, लोगों को अलार्म बजने से जानकारी हो जाएगी कि भूकंप के झटके लगने वाले हैं। इनकी इस उपलब्धि पर सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य फादर आनंद कुमार जान ने मोहम्मद फहद अनीश को सम्मानित और पुरस्कृत किया। जनपद की इस उपलब्धि पर सर्वदानंद जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़, डॉक्टर विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बड़ौदा प्रतापगढ़, गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य एवं गीता उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं इनके कालेज के प्रधानाचार्य आनंद कुमार जान एवं उनके पिता डॉ मोहम्मद अनीस प्रवक्ता अंग्रेजी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं शिक्षा विभाग के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है, और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



मो0 फहद अनीस को प्रमाण पत्र देते फादर।

## पेड की डाल गिरने से महिला की मौत, कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद बहादुरपुर गांव मे पेड की डाल गिरने से शुक्रवार की सुबह महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया। शुक्रवार की सुबह साढे सात बजे घ्गांव के जगदीश सरोज की पत्नी फूलमती 45 घर के सामने मवेशियो का गोबर उठा रही थी। अचानक वहां पीपल के पेड की सूखी डाल पर एक बंदर उछलकूद करने लगा। डाल अचानक के अचानक महिला के ऊपर गिर जाने से वह गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी। परिजन इलाज के लिए उसे रायबरेली ले जा रहे थे कि रास्ते मे फूलमती की सांसे थम गयी। परिजन शव को लेकर घर चले आये। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया।

# चार नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन चार नामजद व तीन अज्ञात आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट व छेडछाड तथा तोडफोड एवं पास्को एक्ट का केस दर्ज किया है।

कोतवाली के पण्डित का पुरवा तिलकराम निवासी मीना कुमारी पत्नी बद्री सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि साढे आठ बजे परिवार के अवसान सरोज पुत्र झुर्री तथा अवसान की पत्नी रती व दिलीप पुत्र अवसान एवं फत्ते का पुरवा निवासी वंशी व इनके साथ आये तीन अज्ञात लोगों ने सफेदा के पेड काटने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोपी पीडिता को गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियो ने लाठी डंडे से पीडिता को मारना पीटना शुरू कर दिया। बचाव के लिए उसकी बेटी गीता भी चिल्लाने लगी तो आरोपी नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत भी करने लगे। लोगों को जुटता देख आरोपी पीडिता व उसकी बेटी को जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरूवार की रात आरोपियो के खिलाफ गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है।

## चार आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर घर मे घुसकर मारपीट व तोडफोड की घटना मे चार आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज के राजातारा अमावां गांव निवासी विद्याशंकर तिवारी पुत्र स्व. दयाशंकर तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ अक्टूबर को साढे ग्यारह बजे जमीनी विवाद को लेकर गांव के देवांश मिश्र व रूद्रांश मिश्र पुत्रगण राघवशरण व पूरे मुरली कमयनपुर सांगीपुर के चंद्रशेखरधर द्विवेदी तथा शशांकशेखरधर द्विवेदी पुत्रगण गया प्रसाद ने पीडित को घर मे घुसकर लाठी डंडे से मारापीटा। विरोध करने पर आरोपियो ने गाली देते हुए जानलेवा धमकी दी।

# वाह भाई वाह के सेट पर पहुंची बेल्हा की ज्योति

## युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत हैं ज्योतिः डॉ0 रत्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अभिनय के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र में अपनी वीर रस की कविताओं का जलवा बिखेरने वाली बेल्हा की बेटी ज्योति त्रिपाठी की शूटिंग अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वाह भाई वाह के सेट पर हुई, जिसका प्रसारण विभिन्न चैनलों पर दीवाली के बाद किया जाएगा।

इस अवसर पर जनपद वासियों ने ज्योति को बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी हैं। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि ज्योति ने राष्ट्रीय फलक पर बेल्हा का नाम रोशन किया, इसके लिए उन्हें कोटि-कोटि बधाई है। ज्योति युवाओं की प्रेरणा स्त्रोत हैं। डॉ0 संगम लाल त्रिपाठी भंवर ने कहा कि ज्योति ने सुप्रसिद्ध वालीवुड कलाकार एवं साहित्यकार शैलेश लोढ़ा द्वारा संचालित साहित्यिक मंच पर बेल्हा का झंडा फहरा कर हमारा सीना गर्व से चैड़ा किया है। जहां समाजसेवी रोशनलाल उमर वैश्य ने अपने बधाई संदेश में ज्योति को साहित्य के आकाश का सूरज बताया, वहीं संजय शुक्ल ने जनपद की आन बान शान व पहचान बताया। डॉ0 शाहिदा, आनंद मोहन ओझा, ओम प्रकाश पंछी, अनूप त्रिपाठी, अखिल नारायण सिंह, शिवेश शुक्ल, परमानंद मिश्र श्रीनाथ मौर्य सरस, अनिल कुमार निलय, कुंज बिहारी लाल काका, राधेश्याम दीवाना, राजीव कुमार आर्या सहित कई साहित्यानुरागियों ने ज्योति को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।



वाह भाई वाह के सेट पर ज्योति।

# हजारों हुजूम के साथ भरवारी में निकला भव्य रामदल

## हनुमान जी की चौकी रही मुख्य आकर्षण का केन्द्र मेला मैदान में हुआ रावण वध

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी पुरानी बाजार के ऐतिहासिक दशहरे में गुरूवार को हजारों लोगों की भीड़ के साथ भव्य राम दल मेला मैदान पहुंचा जहां प्रभु श्री राम और रावण का भीषण युद्ध हुआ और अंत में प्रभु श्री राम ने रावण का अंत कर युद्ध में विजय प्राप्त किया

रामदल पुरानी बाजार स्थित हनुमान मंदिर से निकाला गया। रामदल के आगे-आगे चल रही हनुमान जी की सैकड़ों साल पुरानी चौकी मुख्य आकर्षण का केन्द्र रही भरवारी के दशहरें में गुरूवार को रावण वध का मंचन किया गया। रावण वध मेहता रोड़ स्थित रावण मैदान में हुआ। रावण वध रावण का पुतला आग के हवाले होते ही दर्शकों ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। जिसके चलते पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। रामदल के साथ-साथ छोटे बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक चौकियां भी निकाली गई। पुरानी बाजार के ऐतिहासिक दशहरे मेला में गुरूवर को बजरंग बली की आकर्षक चौकी निकाली गई।

### छोटे छोटे बच्चों ने निकाली दर्जनों श्रृंगार चौकियां



राम दल में शामिल पूर्व विधायक के साथ नगर वासी।

मंचन के अनुसार तपस्वी वेशधारी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण, महाबली हनुमान, सुग्रीव व वानर सेना के साथ सवार हुये नगर के हजारों लोगों के हुजूम के साथ दर्जनों झांकियां रामदल के पीछे भरत-शत्रुघ्न व अन्य सेना की झाकियां चल रही थीं। आगे-आगे ध्वज पताका व बैंड-बाजों के साथ तमाम गणमान्य लोग रामदल में जय श्री राम का उद्घोष कर रहे थे। नगर में जगह-जगह भक्तों ने हनुमान जी की चौकी को रोक कर बजरंगबली भगवान की पूजा-आरती की व प्रसाद वितरण किया। देर शाम रामदल मेहता रोड स्थित मंडी सीमित के बनाए गए रावण मैदान में पहुंचा। जहां भीषण युद्ध के बाद लक्ष्मण को बाण लगने से वह घायल हो गये, श्रीराम का विलाप करना, हनुमान का संजीवनी बूटी लाना, सुषेन वैद्य का लक्ष्मण को पुनः जीवित करना आदि के मंचन के बाद राम-रावण का सीधा युद्ध हुआ। जहां श्रीराम ने रावण की नाभि मे तीर मारकर उसे उसके कुकर्मों का दंड दिया। फिर रावण के पुतले में तीर मारकर उसे आग के हवाले किया। इस प्रकार बुराई पर अच्छाई की विजय का यह रावण वध के रूप में समाप्त होता है। रामदल में रामलीला कमेटी पुरानी के अध्यक्ष सुभाष चंद गुप्ता जिलाधिकारी सुजीत कुमार, एसपी हेमराज मीणा, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पूर्व चेयरमैन गंगा प्रसाद काले, पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी, रमेश अग्रहरी, जगदीश शिवहरे, कमेटी के महामंत्री संतोष कुमार सोनी, जीतू केसरवानी, मेला संयोजक शंकर लाल केसरवानी, कोषाध्यक्ष सुधीर केसरवानी, पंकज केसरवानी, अतिन केसरवानी, प्रवेश केसरवानी, अशोक केसरवानी मनोज कुमार केशरवानी गुलाम हुसैन शमीम नेता रमेश अग्रहरि सुरेश अग्रहरि प्रेम नरायण कलेक्टर संतोष नागा खुट्टी लाला जगदीश शिवहरे जगदीश वैश्य श्री कृष्ण, पितांबर लाल, राजेश अग्रहरि,हर्ष केसरवानी सहित हजारों लोग मौजूद रहे

मेले में लगे साउंड कमेटी से किसी बात को लेकर पुलिस के जवानों से बात विवाद हो गया जिसके बाद साउंड कमेटी वालों को पुलिस वालों ने मारपीट दिया पुलिस जवानों के मारपीट से आक्रोशित साउंड वालों ने पूरी तरह से साउंड सर्विस को बंद कर दिया लेकिन उसके बाद पुलिस अधिकारियों ने धीमी आवाज में साउंड बजाने के लिए कहा लेकिन साउंड कमेटी वालों ने साउंड बजाने से इंकार कर दिया जिससे पूरे मेले में लगा साउंड शोपीस बनकर रह गया जिसके चलते मेला बिल्कुल शांत दशा में संपन्न हुआ।



उर्वरक केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित किसान।

## काशिया में खुला सहकारी उर्वरक विक्रय केंद्र

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत काशिया पश्चिम में सहकारी उर्वरक विक्रय केंद्र का उद्घाटन 21 अक्टूबर को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष शिव मोहन मौर्या और भाजपा जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया है उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के निदेर्शानुसार तथा कसिया पश्चिम ग्राम सभा के प्रधान के अनुरोध पर सहकारिता विभाग द्वारा कसिया पश्चिम ग्राम सभा में सहकारी उर्वरक विक्रय केंद्र खोल दिया गया है इस सहकारी उर्वरक बिक्री केंद्र के खुल जाने से कसिया पश्चिम के आसपास के लगभग आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के किसानों को आसानी से इफको खाद मिल सकेगी तथा उनके कृषि उत्पादन में एक महत्वपूर्ण योगदान भी होगा। उद्घाटन के समय उपस्थित जनसमुदाय में उर्वरक बिक्री केंद्र खुलने से काफी हर्ष दिखाई दिया इस मौके पर सहायक निबन्धक सहकारिता विनोद सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे

# श्रीमद् भगवत कथा सुनने से होती है मोक्ष की प्राप्ति



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड कौशाम्बी क्षेत्र के महिला ग्राम के लोहकट गांव में आयोजित हो रही भागवत कथा के चौथे दिन गुरुवार को कथा वाचक अतुल जी महाराज ने श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालु जमकर थिरके।

इस मौके पर पूरा परिसर भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे तथा नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की जय से गुंजायमान हो उठा। कथा के दौरान कथा वाचक अतुल जी महराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है।प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जब कंस ने सभी मयार्दाएं तोड़ दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। यहां पर जैसे ही श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग कथा में आया तो श्रद्धालु हरे राधा-कृष्ण के उदघोष के साथ नृत्य करने लगे। वासुदेव बने कलाकर तथा यशोदा बनी और नंद के स्वरूप ने कृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग को भाव विभोर कर दिया कार्यक्रम की सफलता में आयोजक भार्गव परिवार के सभी सदस्यों के फूलचंद भार्गव , दिनेश भार्गव , छोटे लाल भार्गव , अनिरुद्ध , प्रमोद भार्गव, हरि शंकर भार्गव, उमाशंकरभार्गव, सुनिलभार्गव, लवलेश भार्गव, विवेक भार्गव, हरिचंद भार्गव, संत भार्गव, शिवम भार्गव ,साथ ही सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे



शहीदों को पुष्प अर्पित करती पुलिस।

## शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस स्मृति परेड आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिस जनों की याद में 21 अक्टूबर को पुलिस लाइन कौशाम्बी स्थित शहीद स्मारक स्थल पर पुलिस स्मृति परेड आयोजित कर पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। परेड में विशेष ड्यूटी के अलावा समस्त अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए। जिसमें पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा महामहिम राज्यपाल मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस के शहीद जवानों के याद/सम्मान में दिए गए संदेशों को पढ़कर परेड में शामिल अधिकारी व कर्मचारियों को सुनाया गया तथा स्मृति दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक कौशांबी, अपर पुलिस अधीक्षक कौशांबी, समस्त क्षेत्राधिकारी द्वारा शहीद स्मारक पर रीट अर्पित कर शहीद पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। परेड में शामिल समस्त अधिकारी कर्मचारी गणों द्वारा फूलमाला व फूल अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी उसके बाद पुलिस अधिकारियों द्वारा शहीदों को गार्द द्वारा शोक सलामी दी गयी।

# डूडा कर्मचारी की मेहरबानी पर सैकड़ो आपात्रों को मिला पीएम आवास

## 8 वर्षो से संचालित पीएम आवास योजना की काली कमाई से डूडा का चर्चित कर्मी बना अकूत संपत्ति का मालिक

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना डूडा के कर्मचारियों की कमाई का साधन बन गई है पात्रों के बजाय आपात्रों को आवास स्वीकृति कर पीएम आवास की रकम अपात्रो के बैंक खाते में भेज कर विभाग का एक चर्चित कर्मी कमीशन खोरी में बीते कई वर्षों से मशगूल हैं लेकिन उसके बाद भी अवैध वसूली में लिप्त चर्चित कर्मचारी के कारनामे को संज्ञान लेकर आला अधिकारियों ने वसूली करने वाले कर्मी पर कठोर कार्यवाही नहीं की है जिससे आवास के लाभार्थियों से वसूली नहीं बंद हो सकी है जिसका नतीजा यह है कि गरीब कमजोर मजलूम और पात्र व्यक्ति पीएम आवास के लिए अधिकारियों की चौखट पर दौड़ते दौड़ते थक जाते हैं लेकिन आपात्रों को आवास योजना का लाभ नही मिल रहा है

नगर पालिका परिषद भरवारी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों अपात्र लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ बीते वर्षों में नगर पालिका परिषद के जरिये दिया जा चुका है जबकि जिन लोगों को नगरपालिका का निवासी बताकर पीएम आवास का लाभ दिया गया है पूर्व में इन्हीं लोगों को ग्राम पंचायत का निवासी बताकर प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया जा चुका है इसके अलावा भी जिले के अन्य नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में अपात्र लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ देकर उक्त कर्मचारी अवैध वसूली में लिप्त है कुछ समय में कर्मचारी लग्जरी कार का मालिक आलीशान बंगला कोठी करोड़ों के बैंक बैलेंस का मालिक बन चुका है विभाग का यह छोटा सा कर्मचारी इन दिनों नवाबों की तरह जीवन यापन कर रहा है अवैध कमाई में मशगूल डूडा के चर्चित कर्मचारी के कारनामों की यदि शासन ने जांच कराई तो डूडा के कर्मचारी की मुसीबत बढ़ना तय हैं लेकिन क्या योगीराज में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करने वाले अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारी के कारनामे को उजागर कर पाएंगे

## गबन के आरोपी नगरपालिका लिपिक की बढ़ी मुश्किले

### धोखाधड़ी फ्राड के मामले में कई महीने से फरार नगरपालिका लिपिक को खोज कोतवाली पुलिस

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में हेराफेरी घोटाले के मामले में आरोपी लिपिक श्यामबाबू की मुश्किलें बढ़ती जा रही है आरोपी लिपिक पर पूर्व से गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है आरोपी लिपिक के विरुद्ध वारंट जारी होने पर कई महीने से कोतवाली पुलिस खोज रही है इसी बीच आरोपी नगरपालिका का लिपिक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया आरोपी लिपिक ने अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाए जाने और वारंट पर गिरफ्तारी रोके जाने के लिए उच्च न्यायालय में रिट याचिका दाखिल की उच्च न्यायालय ने आरोपी को किसी प्रकार की राहत देने के बजाय निचली अदालत में हाजिर होने के निर्देश दिया है जिससे आरोपी लिपिक की मुसीबतें बढ़ गई हैं जानकारों की मानें तो उच्च न्यायालय से निचली अदालत में हाजिर होने के निर्देश दिए जाने के बाद अब आरोपी लिपिक का जेल जाना तय माना जा रहा है आरोपी लिपिक पर कई महीने से वारंट की तामीला कोतवाली पुलिस नहीं करा सकी है मोबाइल में सोशल मीडिया में और फेसबुक में लगातार वारन्टी सक्रिय है लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ उसके गिरेहबान तक नहीं पहुंच सके हैं सर्विलांस के जरिए उसके लोकेशन को चेक कर आरोपी की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से वह अपनी फोटो शेयर कर रहा है लेकिन कोतवाली पुलिस को वारन्टी खोजने में नहीं मिल रहा है

# इलाज के दौरान सफाई कर्मी की मौत की जानकारी मिलते ही ब्लॉक कर्मी हुए दुखी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर की ब्लॉक में तैनात सफाई कर्मी अनिल कुमार पेट की गंभीर बीमारी से ग्रसित थे उन्हें इलाज के लिए लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान सफाई कर्मी अनिल कुमार की मौत हो गई।

जैसे ही सफाई कर्मी अनिल कुमार की मौत की जानकारी विकास खंड कार्यालय मंझनपुर के अधिकारी कर्मचारियों को लगी पूरे कार्यालय में शोक की लहर दौड़ गई अनिल कुमार का अंतिम संस्कार मंझनपुर कस्बे के तहसील के पीछे श्मशान घाट में उनके परिजनों ने कर दिया है मंझनपुर ब्लॉक के दर्जनों कर्मचारी उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुए और शोक संवेदना व्यक्त किया है अनिल कुमार की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए एडीओ पंचायत कमलाकांत मिश्रा पंचायत सचिव दिनेश चंद्र पाल मोहम्मद नसर जितेंद्र त्रिपाठी केवला प्रसाद मनोज सिंह राहुल सिंह अमित कुमार मोहम्मद नसर शिवनंदन गौतम कमलेश कुमार आदि ब्लॉक कर्मियों ने सफाई कर्मी की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से कामना की है कि मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुख की घड़ी को सहन करने की क्षमता दे ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में 2 मिनट का मौन रखकर सफाई कर्मी की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की गई है और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना ईश्वर से की है इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हुबलाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे



सफाई कर्मी के अंतिम संस्कार में शामिल ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी

## खंड शिक्षा अधिकारी की मीटिंग से लौट रहा शिक्षक मार्ग दुर्घटना में घायल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिराथू में ब्लॉक के प्रधानाध्यापकों की मासिक शिक्षक बैठक बुधवार को बुलाई गई थी, उस बैठक के बाद आशुतोष सिंह सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय थोन का प्रयागराज घर जाते समय रास्ते में मूरतगंज के पास एक्सीडेंट हो गया गंभीर अवस्था में डॉक्टरो की टीम ने उन्हें लखनऊ पीजीआई रिफर कर दिया जहां पर खंड शिक्षा अधिकारी के तानाशाही रवैया और आदेशों के प्रति कई प्रधानाध्यापक ने रोष व्यक्त किया।

शिक्षकों ने कहा कि 1 अक्टूबर से नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने नियुक्त होते ही 20 दिन में सैकड़ों आदेश जारी कर दिए विद्यालयों के शिक्षक बीएलओ ड्यूटी और दूसरी तरफ कई तरह के विभागीय कार्यों में लगे हुए हैं शिक्षा अधिकारी शिक्षकों की समस्या सुने बिना ही अपने आदेश निर्गत कर रहे हैं कुछ शिक्षकों का तो यहां तक कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी रात में 11:30 बजे एवम् सुबह 6 बजे से ही शिक्षकों को फोन करने लगते हैं जिससे शिक्षक मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं और विद्यालय समय में व्हाटएप्स देखने को बाध्य किया जा रहा है अगर कोई अध्यापक व्हाट्सएप नही देखता तो स्क्रीन शॉट जारी कर ग्रुप्स में डाल देते है और ग्रुप में ही सार्वजनिक रूप से कॉमेंट करके बेइज्जती कर देते है बात बात में कड़ी कार्यवाही करने की धमकी देने का आरोप शिक्षकों ने लगाया है शिक्षकों का कहना है कि खंड शिक्षा अधिकारी कहते हैं कि कोई नेतागिरी करेगा तो ऐसा लिखूंगा कि हाई कोर्ट भी नही बचा पाएगा खंड शिक्षा अधिकारी का यह मनमानी रवैया शिक्षकों के लिए मुसीबत का सबब बनता जा रहा है शिक्षको ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी का रवैया नही सुधरेगा तो महानिदेशक तथा बेसिक शिक्षा मंत्री को ज्ञापन देते हुए आंदोलन किया जाएगा।

## भरवारी के ऐतिहासिक दशहरा मेला में दूसरे दिन दंगल का हुआ आयोजन

**कौशाम्बी।** भरवारी कौशाम्बी सैकड़ो वर्ष से भरवारी कस्बे में आयोजित होने वाले दो दिवसीय दशहरा मेला के दूसरे दिन दंगल का आयोजन किया गया कौशांबी जनपद के विभिन्न क्षेत्र के साथ-साथ गैर जनपद से आए पहलवानों ने दंगल मैदान में अपने दांव पेंच से एक दूसरे पहलवानों को पटखनी दी महिला पहलवानों ने भी दंगल मैदान में हिस्सा लिया दंगल मैदान मैं हजारों जनसमूह कुश्ती देखने के लिए उमड़ पड़ा तमाम कुश्तिया बड़ी रोचक रही और दर्शकों ने ताली बजाकर विजई पहलवानों का उत्साहवर्धन किया दंगल में जीत दर्ज करने वाले पहलवानों को मेला कमेटी की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

# ओसा में ई रिक्शा शोरूम का विधायक ने किया उद्घाटन

### वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा ने कहा कि बढ़ते डीजल पेट्रोल के मूल्य के बीच ई-रिक्शा सफर का सस्ता और कम खर्च का साधन है

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के ओसा मंडी समिति के पास आयुषी इंटरप्राइजेज मिश्रा एंड मिश्रा ब्रदर्स द्वारा बाबा ई रिक्शा का शोरूम खोला गया है ई रिक्शा शोरूम का उद्घाटन मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महाराज के द्वारा विधि विधान से पूजा पाठ कर शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया है इस मौके पर ई रिक्शा शोरूम के मालिक आशीष कुमार मिश्रा उर्फ पप्पू भाई और नीरज सिंह पत्रकार ने सयुक्त रूप से बताया कि बेहतर क्वालिटी के ई रिक्शा ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा और ई रिक्शा के सर्विस की सुविधा कुशल कारीगरों द्वारा ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने बताया कि एक बार चार्जिंग करने के बाद 140 किलोमीटर ई-रिक्शा सफर करेगा ई रिक्शा शोरूम उद्घाटन के अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता नर नारायण मिश्रा ने कहा कि बढ़ते डीजल पेट्रोल के मूल्य के बीच ई-रिक्शा सफर का सस्ता और कम खर्च का साधन है।



ई रिक्शा शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित विधायक वा वरिष्ठ अधिवक्ता

जिससे पेट्रोल की बचत होती है और पेट्रोल की बचत के चलते ई रिक्शा व्यवसाय के दृष्टिकोण से भी लाभदायक है इस मौके पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष नर नारायण मिश्रा अशोक कुमार मिश्रा उर्फ भोला मिश्रा एडवोकेट अजय पांडेय एडवोकेट सुशील कुमार मिश्रा पत्रकार अनुराग श्रीवास्तव शारदा प्रसाद मिश्रा सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे

## कोखराज कोटेदार ने नही दिया अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी, ग्रामीणों ने किया कोटेदार के खिलाफ धरना प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** अन्त्योदय कार्ड धारकों ने बताया कि सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज कोटेदार छेदी लाल ने कोटे का राशन तो दिया लेकिन चीनी नही दिया कार्ड धारकों ने बताया कि चीनी भी यदि कुछ लोगो को मिली है तो वह अपने घर पर बुलाया और बिना तोल कराये ही चीनी दिया वह भी भीगी हुयी चीनी थी राशन कार्ड धराको ने आरोप लगाते हुए कहा कि कोटेदार ने हर यूनिट पर एक किलो राशन कम दिया है और अन्त्योदय कार्ड धराको को पॉच किलों कम राशन देता हैं।

## कई वर्ष बीते आयुर्वेदिक अस्पताल की नहीं बन सकी चहारदीवारी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय के नगर पालिका परिषद मंझनपुर क्षेत्र के भेलखा में कई वर्षों पूर्व आयुर्वेदिक अस्पताल के भवन का निर्माण सरकार ने कराया था भवन तो बनकर खड़ा हो गया है लेकिन भवन के चारों ओर चाहर दीवारी का निर्माण कार्य दाई संस्था ने नहीं कराया है जिसके चलते आयुर्वेदिक अस्पताल का भवन सुरक्षित नहीं है अस्पताल परिसर पर अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है अस्पताल के सामने परिसर की जमीन पर अराजक तत्व गंदगी फैलाते हैं जिससे अस्पताल में साफ-सफाई का अभाव बना रहता है कई बार मांग किए जाने के बाद भी आयुर्वेदिक अस्पताल के चारो ओर चहारदीवारी का निर्माण नही हो सका है सूत्रों की मानें तो भवन निर्माण के समय चारदीवारी का निर्माण स्वीकृत था लेकिन ठेकेदारो ने अभिलेखों में चाहरदीवारी के निर्माण कराकर सरकार की रकम डकार ली है और आयुर्वेदिक अस्पताल निर्माण के बाद हस्तांतरण कर विभागीय लोगों ने बड़ा खेल किया है शासन स्तर से आयुर्वेदिक अस्पताल के चाहरदीवारी के निर्माण की जांच कराए जाने और दोषियो को दंडित किए जाने के साथ-साथ अस्पताल के चारों ओर चाहरदीवारी निर्माण कराकर अस्पताल को सुरक्षित किए जाने की मांग इलाके की जनता ने की है

संपादकीय

## कांग्रेस: अध्यक्ष से बड़ी-बड़ी आस

**कांग्रेस** ने आखिर 21 वीं सदी का पहला नया लोकतांत्रिक अध्यक्ष चुन ही लिया जो गांधी परिवार के बाहर का है। यह जबरदस्त प्रचार और बेहद शांति के साथ आंतरिक लोकतंत्र की दुहाई के नाम पर हुआ। वह भी तब जब गांधी परिवार का वारिस (जैसा दिखता है) भारत जोड़ो यात्रा पर है। बेशक पार्टी बेहद मुश्किल दौर में है, जनाधार तेजी से गिरा है, भविष्य क्या होगा इसको लेकर अनिश्चितता है। पार्टी में तेजी से फूट, गुटबाजी और बिखराव के बीच एक बड़ा संदेश देने की कोशिश कितनी कामयाब होगी यह वक्त बताएगा। अब कांग्रेस का चुनौतियों से भरा ताज 80 बरस के मल्लिकार्जुन खड़गे के माथे पर है जिनका अनुभव भरा 55 साल का राजनीतिक सफर है। वो गांधी परिवार के बेहद विश्वासी हैं। लेकिन यह भी जगजाहिर है कि गांधी परिवार के बाहर के तमाम अध्यक्ष अपने अच्छे रिश्तों के चलते पार्टी अध्यक्ष तक पहुंचे जरूर लेकिन धीरे-धीरे कड़वाहट बढ़ती गई और देर-सबेर हटना या हटाना ही पड़ा। गिनाने की जरूरत नहीं सबको पता है कि के कामराज से लेकर सीताराम केसरी तक गैर नेहरू-गांधी अध्यक्षों को कैसे-कैसे दौर से गुजरना पड़ा। बहरहाल तब और अब में फर्क है। हो सकता है कि परिस्थितियां इसके लिए मजबूर करें कि वैसी पुनरावृत्ति न हो। कांग्रेस का इतिहास देखें तो 137 साल के सफर में छठवीं बार पार्टी अध्यक्ष का चुनाव हुआ है। बाकी वक्त पार्टी की कमान नेहरू-गांधी परिवार के हाथों में या फिर सर्वसम्मत चुने अध्यक्ष के पास रही। इस बार भी पहले की तरह गांधी परिवार ने साफ कर दिया था कि वो इस दौड़ में नहीं है। उसके बाद जिस तेजी से अशोक गहलोत का नाम उभरा और मुख्यमंत्री की कुर्सी के मोह में पिछड़ा तब से मल्लिकार्जुन खड़गे बहुत तेजी से सामने आए और शशि थरूर उनके प्रतिद्वन्द्वी बने। जीत गांधी परिवार के वरदहस्त प्राप्त मल्लिकार्जुन खड़गे को मिली। जीतते ही उन्होंने सोनिया गांधी से मिलने का वक्त मांगा। हुआ उल्टा शाम को बधाई देने खुद सोनिया गांधी उनके घर पहुंचीं और बड़ा संदेश दे डाला। इससे पहले थरूर ने पहले उप्र में चुनाव में धांधली का आरोप लगाया बाद में खुद ही बड़ा दिल दिखाते हुए खड़गे को मुबारकबाद देने उनके घर जा पहुंचे। निश्चित रूप से यह पार्टी के लिहाज से सकारात्मक कहा जाएगा लेकिन सवाल फिर वही कि खड़गे का नेतृत्व कांग्रेस को कितना आगे ले जाएगा? थोड़ा अतीत में भी झांकना होगा। 1964 से 1967 तक के दौर में कांग्रेस दिग्गजों को सरकार से इस्तीफा दिलाकर संगठन में ला पार्टी को मजबूत करने वाला 'कामराज प्लान' अपने आप में अलग था।

## जलवायु परिवर्तन: लड़ाई में योगदान दें

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों के कुछ वर्षों में बढ़ते प्रकोप को हरमनीषी जीव महसूस कर रहे हैं क्योंकि दशकों पूर्व की यदि हम याद करें तो ऐसी प्रकृति में दुर्गति हमने न तो सुनी न ही देखी परंतु वर्तमान में दशक तो क्या महीनों दिनों में हमें प्राकृतिक विभित्सक परिणामों के बढ़ते स्तर को अनेक टीवी चैनलों पर करीब हर दिन भारत या किसी ना किसी देश में देखते रहते हैं और हम कहते हैं कि कुदरत का कहर है, हम क्या कर सकते हैं? का विचार लाकर सोचते हैं कि अंतरराष्ट्रीय संस्थानों सहित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद इसके उपायों पर मंथन कर कार्यवाही कर रहा है। परंतु अब यह सोच रखने का समय चला गया है, हम मनीषियों को उदारता लाकर इसका हल हम अपने आसपास अपने स्वयं की जीवनशैली में परिवर्तन लाकर निकालना अब समय की मांग है। वर्ना आने वाली पीढ़ियों के लिए हम भयानक त्रासदी के पल छोड़कर जाएंगे और उनकी आलोचना और नफरत के पात्र बनेंगे। चूंकि दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को पीएम महोदय ने मिशन लाइफ का शुभारंभ संयुक्त राष्ट्र महासचिव के सानिध्य में शुभारंभ किया और देखते ही देखते संयुक्त राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने वाले 11 राज्यों के प्रमुखों द्वारा मिशन लाइव के शुभारंभ पर बधाई के वीडियो संदेश भेजे गए जो वहां प्रसारित किए गए इसलिए आज हम पीआईबी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से पर्यावरण सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जनभागीदारी पर चर्चा करेंगे। आओ जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में अपने सामर्थ्य के हिसाब से योगदान दें।

साथियों बात अगर हम भारत की करें तो पहाड़ी राज्यों सहित अनेक राज्यों में हम प्राकृतिक विपदाओं को टीवी चैनलों के माध्यम से देखते आ रहे हैं मेरा मानना है इसके जिम्मेदार हम खुद मनीष जीव हैं क्योंकि हम अनेकों माध्यमों से प्रकृतिक संपदाओं को नुकसान, अवैध खनन सहित अन्य माध्यमों से पहुंचाते हैं बायोडायवर्सिटी में सहायक प्रमुख जीवो को विलुप्तता के कगार पर पहुंचाने का कार्य भी हम कर रहे हैं हालांकि सरकारों द्वारा अनेक नियम कानून बनाए गए हैं परंतु जरूरत हमें उन्हें सख्ती से पालन करने की है और अपनी जीवनशैली में परिवर्तन करने की है, जैसे हाल ही में बनाया गया कानून सिंगल यूज प्लास्टिक बंदी का पालन हर नागरिक को करना चाहिए और प्रशासन का भी काफी महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है कि स्थानीय निकाय स्तर से ऊपर तक बिना भ्रष्टाचार, भेदभाव हफ्ताखोरी के दोषियों पर समानता से कार्यवाही करें।

साथियों बात अगर हम दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को माननीय पीएम द्वारा मिशन लाइफ के शुभारंभ के अवसर पर संबोधन की करें तो उन्होंने कहा मिशन लाइफ का मंत्र पर्यावरण के लिए जीवन-शैली है। मिशन लाइफ के लाभों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह इस धरती की सुरक्षा के लिए जन-जन की शक्तियों को जोड़ता है उनका बेहतर इस्तेमाल करना सिखाता है।

# कांग्रेस अध्यक्ष: थकान को भूल संगठन में पड़ती नई जान

वर्षा भम्भाणी मिर्जा.

**नौ** बार के विधायक, दो बार के लोकसभा सदस्य, लोकसभा और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में रहे खड़गे का अनुभव कमजोर हो रही पार्टी की हड्डियों को नई मजबूती दे सकता है। क्या वाकई 10 जनपथ से चल रही कांग्रेस का फोकस अब 10 राजाजी मार्ग होगा जो खड़गे का निवास है; अथवा खड़गे शीर्ष नेतृत्व की प्रतिछाया मात्र होंगे? या फिर वे उन फैसलों की ढाल भर होंगे जिसे लेने में आलाकमान पीछे हटता रहा है? या कि वह चेहरा बनेंगे जिनसे सीधे मिलने में आलाकमान झिझकता रहा है? अततः कांग्रेस को नया गैर गांधी अध्यक्ष मिल गया है। ऐसा 24 सालों के बाद हुआ है। 80 वर्षीय मल्लिकार्जुन खड़गे पार्टी के नए अध्यक्ष हैं। अर्से बाद कांग्रेस मुख्यालय में ढोल-नगाड़े सुनाई दिए और यह खुशी किसी आम चुनाव की नहीं बल्कि आंतरिक चुनाव को लेकर थी। चुनाव कवर करने वालों के लिए यह बहुत ही नया अनुभव था क्योंकि आम तौर पर देश की चुनावी पार्टियां और उसमें भी सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करने वाली भारतीय जनता पार्टी भी देश के आम चुनावों पर ही ढोल बजाती और मिठाई खाती नजर आती है। यहां जो और भी नया मंजर था, वह यह कि जीतने वाला तो खुश था ही, हारने वाला भी मुस्कुरा कर प्रेस के सवालों के जवाब दे रहा था। वैसे अध्यक्ष पद की पूरी कवायद को विश्वसनीय बनाने में अगर किसी का सर्वाधिक योगदान रहा है तो शशि थरूर का। थरूर ने चुनाव से पहले और फिर बाद में भी इस बात को दोहराया कि वे प्रक्रिया का विकेंद्रीकरण करना चाहते हैं यानी निर्णय ऊपर से नीचे न थोपे जाएं बल्कि नीचे से ऊपर तक आएं। हार के बाद भी उन्होंने कहा कि मैंने बदलाव के विचार के साथ अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा था लेकिन चूंकि बदलाव की इस प्रक्रिया में पुराने लोग भी शामिल थे, इसलिए इसका जारी रहना भी सामान्य है। थरूर ने कहा कि मैं उन कार्यकताओं का आभार व्यक्त करता हूं जो कांग्रेस की विचारधारा को आगे बढ़ता हुआ देखना चाहते हैं और उसके लिए बिना किसी अपेक्षा के दिन-रात पार्टी के लिए मेहनत करते हैं। ये कार्यकर्ता ही कांग्रेस के गुरु हैं। चुने जाने वाले शख्स मल्लिकार्जुन खड़गे हैं जिनके पास राजनीति का विराट अनुभव है और वे कर्नाटक के ब्लॉक स्तर के चुनावों से चलकर यहां तक पहुंचे हैं। नौ बार के विधायक, दो बार के लोकसभा सदस्य, लोकसभा और राज्यसभा में नेता



प्रतिपक्ष की भूमिका में रहे खड़गे का अनुभव कमजोर हो रही पार्टी की हड्डियों को नई मजबूती दे सकता है। क्या वाकई 10 जनपथ से चल रही कांग्रेस का फोकस अब 10 राजाजी मार्ग होगा जो खड़गे का निवास है; अथवा खड़गे शीर्ष नेतृत्व की प्रतिछाया मात्र होंगे? या फिर वे उन फैसलों की ढाल भर होंगे जिसे लेने में आलाकमान पीछे हटता रहा है? या कि वह चेहरा बनेंगे जिनसे सीधे मिलने में आलाकमान झिझकता रहा है? सच है कि पार्टी का शीर्ष अन्य क्षेत्रीय दलों के नेताओं से सीधे मिलने में हिचकता रहा है। नतीजतन विपक्षी एकता में वह जान नहीं आ पाती जो भारतीय जनता पार्टी के चुनाव लड़ने के इरादे और तेवर से मुकाबला करने के लिए जरूरी है। बहरहाल अध्यक्ष खड़गे के कद को दो बातों से समझा जा सकता है- पहला, 'भारत जोड़ो यात्रा' के पदयात्री राहुल गांधी ने कहा कि 'जो पार्टी अध्यक्ष कहेंगे वही करूंगा' और दूसरे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी खुद खड़गे से मिलने उनके घर गईं। अब तक की परम्परा में खड़गे ने आलाकमान से मिलने का वक्त मांगा था जो कि नहीं मिला और वे दोनों खड़गे से मिलने पहुंचीं। आलाकमान फिलहाल कमान खड़गे को सौंपता हुआ केवल दिख रहा है वह देगा भी, इसके लिए कुछ वक्तपार्टी को देना होगा। पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने, जो एक भारत जोड़ो यात्रा पर हैं और साढ़े तीन हजार किलोमीटर की यात्रा में से एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर चौथे राज्य आंध्रप्रदेश में दाखिल हो चुके हैं, बीते सप्ताह कहा था कि कोई आध्यात्मिक शक्ति है जो उन्हें आगे की ओर धकेल रही है। अब चुनाव के बाद जिस तरह से दोनों प्रत्याशी खड़गे और थरूर जश्न और आभार की मुद्रा में दिखाई दिए तो ऐसा लगता है जैसे यहां भी सारे पासे सीधे ही पड़े हैं। कांग्रेस को खुद को यूं कामयाब होते देख बरसों बीत चुके हैं। नेता इतराने न लगें, यह भी देखना होगा। राहुल की यात्रा से जनता का जुड़ाव, उनका सीधे सवालों से सामना, थरूर का हार के बावजूद पार्टी के लिए प्रतिबद्ध रहते हुए असंतुष्ट गुट जी 23 को नकारना आदि ऐसे मामले हैं जो कांग्रेस के नेताओं को इतराने का मौका दे सकते हैं लेकिन खड़गे यहीं ठहराव और गंभीरता का जामा पहनाने की काबिलियत रखते हैं। उधर भाजपा जो हमेशा अपने पासे ठीक फेंकती लगती है वहां फिलहाल सब कुछ ठीक नहीं दिख रहा है। बिल्किस बानो के अपराधियों की सजा माफी में केंद्र का हाथ यानी इसमें केवल गुजरात सरकार की भूमिका नहीं थी, इस तथ्य का सामने आना और इसी प्रांत गुजरात के चुनाव में एक समय में बारह-बारह केंद्रीय मंत्रियों का जमावड़ा बताता है कि भाजपा के लिए यह मुश्किल समय है। डॉलर के आगे रूपए का लगातार भीगी बिल्ली बने रहना और भुखमरी के दुनियावी आंकड़ों में भारत का नेपाल और पाकिस्तान से भी पिछड़ना बताता है कि अभी हम पोषण और स्त्री व बच्चों की सेहत के मामलों में बहुत पीछे रह जाने वाले देश हैं। ये शुभ संकेत नहीं हैं। अक्सर यलगार और ललकार के भाव में रहने वाली पार्टी का आईटी सेल अभी खामोश है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई लिख दी है। बताना जरूरी है कि बिना चुनाव के भाजपा के अध्यक्ष के कार्यकाल को विस्तार मिल चुका है। भाजपा ही क्यों, अभी अन्य क्षेत्रीय दल भी आंतरिक चुनाव को कराने और पारदर्शिता को स्वीकारने में पीछे ही हैं। किसी ने सही पूछा है कि पार्टियों ने अपने भीतर मतपत्रों को अंतिम बार कब देखा है और कौन इनका चुनाव अधिकारी रहा है? प्रजातांत्रिक देश में पार्टियों के भीतर का लोकतंत्र कमजोर सांसें गिन रहा है जिसे एक या दो लोग अतिरिक्त सांसें मुहैया कराते रहते हैं। कांग्रेस की तरफ से फिलहाल एक कदम आगे बढ़ा दिया गया है। शशि थरूर को मिले 12 फीसदी मत पार्टी में अंतरिक लोकतंत्र का मार्ग प्रशस्त करने की क्षमता रखते हैं, बशर्ते कि इस असहमत वोट को स्वीकार किया जाए। इससे पहले पार्टी नेतृत्व अशोक गहलोत के सर इस कामयाबी का सेहरा बांधना चाह रहा था लेकिन गहलोत राजस्थान के मोह में थे। इस मोह को आज अध्यक्ष बने खड़गे प्रत्यक्ष देख चुके है। उन्होंने अजय माकन के साथ राजस्थान के विधायकों का विद्रोह भी देखा था। अब अध्यक्ष बनने के बाद वे क्या निर्णय लेते हैं यह भी देखना होगा। वैसे इसकी आशंका कम नजर आती है कि अशोक गहलोत को अभी छेड़ा जाएगा। हो सकता है कि जब भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान आए तब राहुल गांधी, अशोक गहलोत और सचिन पायलट को साथ दौड़ा दें। फिलहाल तो राजस्थान की भाजपा इकाई जरूर उन इस्तीफों के पीछे पड़ गई है जो जोश-जोश में कांग्रेस विधायक मंत्री शांति धारीवाल को सौंप आए थे। अभी विधानसभा इन 92 विधायकों के बगैर है। सारा बखेड़ा अध्यक्ष पद से अशोक गहलोत के पीछे हटने के बाद ही शुरू हुआ था। उनके इंकार के बाद दिग्विजय सिंह उम्मीदवार बने। वे शायद उस बिजूका की तरह थे जो किसी और की दावेदारी को उड़ाने के लिए था। इसी बीच खड़गे को तैयार किया गया और संदेश गया कि वे ही गांधी परिवार के अधिकृत उम्मीदवार हैं। अगर ऐसा था भी तो शशि थरूर की उम्मीदवारी ने इस पूरे चुनाव को खूबसूरती और विश्वसनीयता दोनों दी है। खड़गे को 7897 और थरूर को 1072 मत मिले। यह थरूर को मिला अपना मत है। उनका मत है जो कांग्रेस में बदलाव की आवाज बुलंद करना चाहते हैं। चुनाव से पहले थरूर ने अपना घोषणा पत्र भी छपवाया था जिसके बारे में उनका कहना था कि यह कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद बनाया गया है। होना चाहिए कि थरूर को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जाए। इससे पहले 1997 में जब कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव हुए थे तब तीन प्रत्याशी थे। सीताराम केसरी ने शरद पवार और राजेश पायलट को हराया था। केसरी को 6224, पवार को 882 और पायलट को 354 मत मिले थे।

> चुनाव से पहले थरूर ने अपना घोषणा पत्र भी छपवाया था जिसके बारे में उनका कहना था कि यह कार्यकर्ताओं से बातचीत के बाद बनाया गया है। होना चाहिए कि थरूर को संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जाए। इससे पहले 1997 में जब कांग्रेस में अध्यक्ष पद के चुनाव हुए थे तब तीन प्रत्याशी थे

# भारत आयात में कटौती करे, द्विपक्षीय व्यापार और स्थानीय उत्पादन बढ़ाये

नन्तु बनर्जी

**स्विट्ज़रलैंड** स्थित वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल, जिसने लगातार भारत के सोने के आयात का समर्थन किया है, रुपये के गिरने और यूएस डॉलर बढ़ने से चिंतित है। परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) पीआर सोमसुंदरम ने आगाह किया कि भारत सरकार रुपया-डॉलर विनिमय दर पर नजर रख रही है और अगर रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मूल्य ह्रास जारी रखता है तो सोने के आयात के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार गिर रहा है। यदि प्रवृत्ति जारी रहती है, तो इस वित्तीय वर्ष के अंत से पहले रुपये की विनिमय दर100 रुपये प्रति डॉलर को छू सकती है। यदि भारत अमेरिकी डॉलर के व्यापार क्षेत्रों से भारी आयात करना जारी रखता है तो यह बहुत चिंता का विषय हो सकता है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान आयात 45.74 प्रतिशत बढ़कर 318 अरब डॉलर हो गया। 2022-23 के पहले पांच महीनों में व्यापार घाटा बढ़कर रिकॉर्ड 124.52 अरब डॉलर हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 53.78 अरब डॉलर था। अमेरिकी डॉलर बढ़ने से निर्यात बढ़ाने में कोई खास मदद नहीं मिली। इसके अलावा, भारत की निर्यात टोकरी सीमित है। अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं उच्च ऊर्जा लागत और घरेलू मंदी के दबाव में हैं। आयात उनके आर्थिक एजेंडे में बहुत अधिक नहीं है। भारत 86 प्रतिशत आयात तेल पर निर्भर है। हालांकि यह तेल आयात बिल को तुरंत कम करने की बहुत गुंजाइश नहीं है, गैर-तेल गैर-आवश्यक आयात कम किया जा सकता है। सबसे पहले, देश को मोती सहित सोने और कीमती पत्थरों के आयात में भारी कटौती करनी चाहिए, जो पेट्रोलियम के बाद दूसरा सबसे बड़ा आयात व्यय है। मूल्य के संदर्भ में, सोने और कीमती पत्थरों का आयात देश के कुल व्यापारिक आयात का लगभग 13 प्रतिशत है, जबकि तेल आयात 21 प्रतिशत है। भारत ने 2021 में अकेले सोने के आयात पर 55.7 अरब डॉलर खर्च किए। इसी तरह, पिछले साल मोती समेत कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के आयात पर बड़ी रकम खर्च की गई थी। 2020 में कोविड -19 के फैलने से पहले आयात सबसे अधिक था। अज्ञात कारणों से, देश की क्रमिक सरकारों ने मुंबई और अहमदाबाद-सूरत में देश के सराफा व्यापारियों के एक बड़े हिस्से को खुश करने के लिए सोने और कीमती पत्थरों और धातुओं के आयात को प्रोत्साहित किया था। विडंबना है कि भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय केवल 150,000 रुपये है जबकि 30 ग्राम सोने का बाजार मूल्य लगभग 160,000 रुपये है। अमीर अक्सर अपने काले धन को छिपाने के लिए सोने का उपयोग करते हैं और अपने धन को लगभग निरंतर रुपये के अवमूल्यन से बचाते हैं। काले धन के बड़े पैमाने पर राउंड-ट्रिपिंग पर संदेह करते हुए, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग)ने इस साल की शुरूआत में संसद में अपनी रिपोर्ट में कहा कि 2010 और 2020 के दौरान भारत के हीरे और मोती का आयात उनके वैश्विक उत्पादन से अधिक था, जिसकी आयकर और सीमा शुल्क विभागों द्वारा गंभीर जांच की आवश्यकता है। मोती का आयात वैश्विक मोती उत्पादन के औसत वार्षिक मूल्य का तीन से दस गुना रहा है। कैग ने कहा, 'मोतियों के वैश्विक उत्पादन की तुलना में भारत में मोतियों का आयात बहुत अधिक है, जो व्यापार की गलत-चालान और धन के राउंड-ट्रिपिंग का संकेत है, जिसे रत्न और आभूषण क्षेत्र के संबंध में महत्वपूर्ण चिंताओं के रूप में चिह्नित किया गया है।' कच्चे हीरों का खनन करने वाले प्रमुख देश रूस, दक्षिण अफ्रीका, बोत्सवाना, नामीबिया, अंगोला, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया और केनेडा हैं। कैग ने काले धन के संदिग्ध राउंड ट्रिपिंग पर चिंता जताते हुए कहा, 'यूएई और हांगकांग जैसे देशों में आयात और निर्यात में अनियमित प्रवृत्तियों से संदिग्ध व्यापारिक लेनदेन और कर चोरी का एक संभावित जोखिम है, जिसकी नियामक विभागों के साथ समन्वय में जांच करने की आवश्यकता है।' दिलचस्प बात यह है कि स्विट्जरलैंड स्थित वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल, जिसने लगातार भारत के सोने के आयात का समर्थन किया है, रुपये के गिरने और यूएस डॉलर बढ़ने से चिंतित है। परिषद के क्षेत्रीय सीईओ (भारत) पीआर सोमसुंदरम ने आगाह किया कि भारत सरकार रुपया-डॉलर विनिमय दर पर नजर रख रही है और अगर रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मूल्य ह्रास जारी रखता है तो सोने के आयात के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के पास तेजी से बढ़ते अमेरिकी डॉलर और घटते विदेशी मुद्रा भंडार की स्थिति में सोने के आयात को प्रतिबंधित करने के लिए भारत सरकार की ओर से अभी तक बहुत कम संकेत हैं। परिषद ने अनुमान लगाया कि 2022 में भारत की सोने की मांग 800-850 टन के बीच होगी - इसका 80 प्रतिशत सोने के आभूषणों के लिए और शेष सोने के सिक्कों के रूप में उपयोग होगा। पिछले साल भारत में सोने की मांग करीब 797 टन थी। आयात का एक अन्य प्रमुख क्षेत्र उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर है। भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार में बढ़ते घाटे की जांच करनी चाहिए, जिसने 2021-22 में 56 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक रिकॉर्ड बनाया। तेल और पेट्रोलियम उत्पादों के बाद, देश के समग्र व्यापारिक व्यापार घाटे में इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रमुख योगदान रहा है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले साल के 15 अरब डॉलर (41 प्रतिशत) बढ़ा परन्तु आयात 35 प्रतिशत बढ़कर 70.8 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में व्यापार घाटा वित्त वर्ष 2019 में 47 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस साल इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापार घाटा बढ़कर 60 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। देश की नई अर्धचालक नीति की त्वरित सफलता सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से प्रयास करते हुए जहां भी संभव हो, इलेक्ट्रॉनिक्स आयात को प्रतिबंधित करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने का यह समय हो सकता है। धारणा के विपरीत, भारत का तेल आयात बिल अभी भी उचित प्रतीत होता है। पिछले साल, भारत का कच्चे तेल का आयात 122.45 अरब डॉलर था। यह 2020-21 की महामारी में आयात के मूल्य से दोगुने से अधिक था, जो बमुश्किल 59.48 अरब तक गिर गया, जबकि उस वर्ष देश का सोने का आयात 34.62 अरब का था।

हालांकि, कच्चा तेल एक ऐसा क्षेत्र है जिसे देश को अनिश्चित काल के लिए आयात दबाव के साथ रखना होगा। हाल ही में ओपेक+ का तेल उत्पादन में कटौती का निर्णय भारत के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। वर्ष की शुरूआत के बाद से वैश्विक तेल की कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल के अपने चरम से 90 डॉलर प्रति बैरल तक सीमित हो गई है।

# धनतेरस को करते हैं यमराज की पूजा

रमेश सर्राफ धमोरा

**हमारे** देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारम्भ धनतेरस से हो जाता है। धनतेरस छोटी दीवाली से एक दिन पहले मनाया जाता है। धनतेरस पूजा को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस के दिन नई वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन चांदी खरीदने की भी प्रथा है। अगर सम्भव न हो तो कोई बर्तन खरीदे। इसके पीछे यह कारण माना जाता है कि यह चन्द्रमा का प्रतीक है जो शीतलता प्रदान करता है और मन में सन्तोष रूपी धन का वास होता है। धनतेरस का दिन धन्वन्तरी त्रयोदशी या धन्वन्तरि जयन्ती भी होती है। धनतेरस को आयुर्वेद के देवता का जन्म दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन गणेश लक्ष्मी घर लाएं जाते है। इस दिन लक्ष्मी और कुबेर की पूजा के साथ-साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है। धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है। शास्त्रों में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है। वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी इसी दिन से प्रारम्भ होती है। इस दिन घरों को लीप-पोतकर, चैक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। धनतेरस को चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। धनतेरस के दिन यमराज को प्रसन्न करने के लिए यमुना स्नान भी किया जाता है अथवा यदि यमुना स्नान सम्भव न हो तो स्नान करते समय यमुना जी का स्मारण मात्र कर लेने से भी यमराज प्रसन्न होते हैं। हिन्दु धर्म की ऐसी मान्यता है कि यमराज और देवी यमुना दोनों ही सूर्य की सन्ताने होने से आपस में भाई-बहिन हैं और दोनों में बड़ा प्रेम है। इसलिए यमराज यमुना का स्नान करके दीपदान करने वालों से बहुत ही ज्यादा प्रसन्न होते और उन्हें अकाल मृत्यु के दोष से मुक्त कर देते है। धनतेरस के दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं। इस दीप को यमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है। रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए। जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें। साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो। धनतेरस की शाम घर के बाहर मुख्य द्वार पर और आंगन में दीप जलाने की प्रथा भी है। धनतेरस को मृत्यु के देवता यमराज जी की पूजा करने के लिए संध्या के समय एक वेदी (पाट्टा) पर रोली से स्वास्तिक बनाइये। उस स्वास्तिक पर एक दीपक रखकर उसे प्रज्वलित करें और उसमें एक छिद्रयुक्त कोड़ी डाल दें। अब इस दीपक के चारों ओर तीन बार गंगा जल छिडकें। दीपक को रोली से तिलक लगाकर अक्षत और मिष्ठान आदि चढाएं। इसके बाद इसमें कुछ दक्षिणा आदि रख दीजिए जिसे बाद में किसी ब्राह्मण को दे देवें। अब दीपक पर कुछ पुष्पादि अर्पण करें। इसके बाद हाथ जोडकर दीपक को प्रणाम करें और परिवार के प्रत्येक सदस्य को तिलक लगाएं। अब इस दीपक को अपने मुख्य द्वार के दाहिनी और रख दीजिए। यम पूजन करने के बाद अन्त में धनवंतरी पूजा करें। इस प्रथा के पीछे एक लोक कथा है। कथा के अनुसार किसी समय में एक राजा थे जिनका नाम हेम था। दैव कृपा से उन्हें पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। ज्योतिषियों ने जब बालक की कुण्डली बनाई तो पता चला कि बालक का विवाह जिस दिन होगा उसके ठीक चार दिन के बाद वह मृत्यु को प्राप्त होगा। राजा इस बात को जानकर बहुत दुखी हुआ और उन्होने राजकुमार को ऐसी जगह पर भेज दिया जहां किसी स्त्री की परछाई भी न पड़े। दैवयोग से एक दिन एक राजकुमारी उधर से गुजरी और दोनों एक दूसरे को देखकर मोहित हो गये और उन्होंने गन्धर्व विवाह कर लिया। विवाह के पश्चात विधि का विधान सामने आया और विवाह के चार दिन बाद यमदूत उस राजकुमार के प्राण लेने आ पहुंचे। जब यमदूत राजकुमार प्राण ले जा रहे थे उस वक्त उसकी नवविवाहिता पत्नी का विलाप सुनकर उनका हृदय भी द्रवित हो उठा। परन्तु विधि के अनुसार उन्हें अपना कार्य करना पड़ा। यमराज को जब यमदूत यह कह रहे थे उसी वक्त उनमें से एक ने यमदेवता से विनती की। हे यमराज क्या कोई ऐसा उपाय नहीं है जिससे मनुष्य अकाल मृत्यु के लेख से मुक्त हो जाए। दूत के इस प्रकार अनुरोध करने से यमदेवता बोले हे दूत अकाल मृत्यु तो कर्म की गति है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की रात जो प्राणी मेरे नाम से पूजन करके दीप माला दक्षिण दिशा की ओर भेट करता है। उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यही कारण है कि लोग इस दिन घर से बाहर दक्षिण दिशा की ओर दीप जलाकर रखते हैं।

## वह चल बसी...

डॉ. सुरेश कुमार

**शहर** में मेट्रो होने भर से शहर मेट्रो नहीं बनता। यह वही बात हुई कि एक फाइव स्टार होटल के सामने गरीब भूख से दम तोड़ देता है और हम उस होटल की स्पेशल रेसिपी के बारे में देश के नामी गिरामी समाचार पत्रों में लपलपाती जीभ से चटकारे लेते हुए उसकी खूबी पढ़ते हैं। यदि इस तरह जान लेने का नाम शहर है, तो ऐसे शहरों की हमारे यहाँ कोई कमी नहीं है। मैं उस दिन हर दिन की तरह जेएनटीयू मेट्रो स्टेशन के पास खड़ा अपने मित्र की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी एकाएक सामने से झगड़ने की आवाज आयी। एक चालीस-पैंतालीस साल का अधेड़ फटी कमीज, घुटनों तक लिपटी मटमैली धोती उसमें भी जहाँ-तहाँ दया करुणा पैदा करने वाले बड़े-बड़े छेद थे, एक पतली सी लाठी थामे मेट्रो स्टेशन के द्वार के सामने भीख माँग रहा था। वह जोर-जोर से एक डरी-सहमी बूढ़ी औरत पर चिल्ला रहा था। बुढ़िया की कमर उम्र के चलते समकोण में झुकी हुई थी। उसके पास भी एक छोटी सी लकड़ी थी जिससे टेका लिए वह खड़ी थी।उस अधेड़ ने कहा तू इधर क्यों आयी है? जानती नहीं यह मेरा अड्डा है। मैं हर दिन यहीं भीख माँगता हूँ। भलाई इसी में है कि चुपचाप तू यहाँ से चली जा। बुढ़िया टस से मस नहीं हुई। कहने लगी झ्र क्या यह स्टेशन तेरे बाप-दादा का है जो तू ही भीख माँगेगा। मैं यहाँ से नहीं जाऊँगी। इतना सुनना भर था कि अधेड़ ने अपनी लाठी से बुढ़िया को ढकेल दिया। अच्छा हुआ कि वह दीवार से सटी थी और उसके हाथ में भी छोटी सी लकड़ी थी। जैसे तैसे खुद को संभाला।

# नेताजी स्व मुलायम को सपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री/रक्षामंत्री/नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव के निधन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव के निर्देश पर शोकसभा सपा जिला कार्यालय एवं भुंइहरीमाफी गांव में की गई। शोकसभा में सपाइयों ने भावुक होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये।






शुक्रवार को सपा जिला कार्यालय में नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव के निधन पर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि उनके पिता स्व राजबहादुर के नेताजी से जुडे तमाम संस्मरण हैं।
उन्होंने भावुक होकर श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सपाई मेहनत कर देश की राजनीति में सपा को अहम भूमिका दिलाने का कार्य करे। संचालन करते हुए सपा नेता अनिल शर्मा, गौरीशंकर मिश्र, माताप्रसाद कुशवाहा, फूलचन्द्र करवरिया, राजेन्द्र शुक्ला, मो गुलाब खां, दिनेश सिंह, सत्यनारायण पटेल, जागेश्वर यादव आदि ने विचार व्यक्त किये। शोकसभा में राजाराम यादव, दादू भाई, चन्द्रभान यादव, पवन ओझा, रमा देवी, राधेश्याम निषाद, संतोष यादव, सियाराम गुप्ता, मुन्ना सोनकर, घनश्याम यादव, सीताराम कश्यप, रामचन्द्र वर्मा, कैलाश बौद्ध समेत तमाम सपाई मौजूद रहे।
इसी क्रम में भुंइहरीमाफी गांव में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शिवशंकर यादव की अगुवाई में नेताजी स्व मुलायम सिंह यादव की शोकसभा में भावुक होकर सपा नेता नरेन्द्र यादव, राजा यादव, वेदप्रकाश यादव आदि ने शोक जताया। सभी ने कहा कि नेताजी जैसा धरती पुत्र न हुआ है और न कभी होगा। नेताजी जिसका साथ देते थे, वह उन्हें कभी नहीं भूल सकता।

# डीएम ने बनकट गांव की कार्य योजना के प्रस्तावों का किया स्थलीय निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सीडीओ अमृत पाल कौर के साथ कर्वी ब्लाक के बनकट गांव की कार्य योजना अनुमोदन बाबत गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत भवन निर्माण, गांव की गलियों के निर्माण, नाली व इंटरलॉकिंग, सिल्ट केयर निर्माण, रुफटाप वाटर हार्वेस्टिंग, सामुदायिक नाफेड आदि कार्यों के प्रस्तावों का निरीक्षण कर निर्देश दिये।



शुक्रवार को जिलाधिकारी ने एक्सईएन लोनिवि प्रान्तीय खण्ड सत्येन्द्रनाथ से कहा कि गांव के निर्माण के प्रस्ताव का निरीक्षण कर बतायें, ताकि अनुमोदन हो सके। उन्होंने प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि लेखपाल को बुलाकर शासकीय भूमि में पंचायत भवन के निर्माण में जनसेवा केन्द्र व दुकानों का भी प्रस्ताव बनाया जाये। शेष जमीन में बारात घर का निर्माण कर सामुदायिक शौचालय बनायें। डीपीआरओ तुलसीराम को निर्देश दिये कि सामुदायिक शौचालय का संचालन कराया जाये।

उन्होंने एडीएम नमामि गंगे से कहा कि वाटर हेड टैंक क्यों बन्द है। गांव की गौशाला का निरीक्षण कर प्रधान व सचिव से कहा कि गौशाला में 57 गौवंश संरक्षित हैं। जिसमें 51 गौवंशों की टैगिंग हैं।
प्रधान व सचिव को निर्देश दिये कि गौशाला संचालन का रजिस्टर अपडेट करायें। गौवंशों को हरे चारे की व्यवस्था करायें। खण्ड विकास अधिकारी आस्था पाण्डेय से कहा कि भरण-पोषण की पत्रावली का भुगतान समय से कराकर गौशाला का सही ढंग से रख-रखाव करायें। ग्रामीणों ने बताया कि नगर के अन्ना पशु यहां आ जाते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर पालिका से व्यवस्था करायेंगे। उन्होंने सीडीओ के साथ कम्पोजिट विद्यालय बनकट में कक्षा-कक्षों का भ्रमण कर साफ-सफाई एवं बच्चों के पठन-पाठन को देखा। कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को फर्नीचर व्यवस्था का प्रस्ताव बनाकर भेजने को प्रधान व सचिव से कहा। बच्चों ने बताया कि भोजन मेन्यू के अनुसार मिलता है। इस मौके पर संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पुलों के निर्माण का कार्य जल्द करें शुरूः डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने पचास लाख से अधिक के निर्माण कार्यों एवं रुबर्न मिशन के तहत कार्यों की समीक्षा कार्यदायी संस्था के अधिकारियों के साथ की।

शुक्रवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने नवीन थाना सरधुआ के निर्माण कार्य बाबत एसडीएम राजापुर से सम्पर्क कर भूमि का चिन्हांकन शुरू कराने के निर्देश दिये। अन्तर्राज्जीय सीमा पर दो लेन मार्ग पर गेट एवं प्रकाश व्यवस्था के कार्य में तेजी लायें। रुबर्न मिशन के तहत मंडौर में इंटरलॉकिंग व टाइल्स कार्य तथा शेषासुबकरा के कार्य के फोटो उपलब्ध करायें। परियोजना प्रबंधक सेतु निगम को निर्देश दिये कि शासन से निर्धारित समय सीमा में सेतु निर्माण कार्य पूरा किया जाये। राजकीय पॉलीटेक्निक मानिकपुर के निर्माण कार्य की बाबत जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजदीप वर्मा से कहा कि ये कार्य बन्द है। प्रमुख सचिव प्रावधिक शिक्षा को पत्र भेजकर कार्य पूरा कराया जाये।

उन्होंने परियोजना निर्देशक डीआरडीए से कहा कि जो कार्य चल रहे हैं, संबंधित ठेकेदारों के बुलाकर कार्यों में तेजी लाने को बैठक करें।

जिलाधिकारी ने मऊ-सरायअकिल मार्ग पर यमुना नदी में महिला घाट में पुल निर्माण, कलवलिया-टेरा मार्ग में बाल्मीकि नदी पर पुल, मकरी पहरा-रेहुटा मार्ग पर मन्दाकिनी नदी में पुल निर्माण, ऊंचाडीह-रानीपुर कल्याणगढ में बरदहा नदी में पुल, सखौंहा-चकौर मार्ग में सखौंहा नाला पर पुल आदि पुलों के बारे में निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# घरेलू गैस सिलेंडरों के प्रयोग पर होगी कार्यवाही : डीएसओ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान ने बताया कि जिले के रामघाट एवं परिक्रमा मार्ग में व्यवसायिक रुप में घरेलू सिलेंडरों के प्रयोग पर कडी कार्यवाही की चेतावनी दी है। शुक्रवार को जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान ने बताया कि आलू चाट, पेटीज, मेमोज, चाऊमीन व अन्य फास्ट फूड के ठेलों में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग हो रहा है। ऐसे लोगों से बात करने पर उन्होंने बताया कि जानकारी के अभाव में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने फुटकर व्यवसायिक कार्य करने वाले लोगों से कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर का प्रयोग पूरी तरह से अवैधानिक है। इसमें कई प्रकार से हादसे होने की सम्भावना के साथ सरकार को आर्थिक क्षति होती है। उन्होंने कहा कि फुटकर व्यवसायिक कार्य को घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग न कर, बल्कि व्यवसायिक सिलेंडरों का प्रयोग करें। जांच टीम ने पाया कि व्यवसायिक स्थानों में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग हो रहा है। उन्होंने ऐसे लोगों को चेताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# दीपावली में आये श्रद्धालुओं का करें भगवान की तरह स्वागतः अजीत सिंह



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीपावली अमावस्या पर्व में धर्मनगरी आने वाले लाखों भक्तों का भगवान की तरह स्वागत होना चाहिए। बुन्देली सेना ने तीर्थक्षेत्र के मुख्य मार्गों के किनारे रह रहे लोगों से अपने घर, प्रतिष्ठान, मठ और मंदिर सजाने की अपील की है।
शुक्रवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि प्रशासन स्तर से मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही हैं। झालरों की रोशनी से मार्ग जगमगाए गए हैं। साथ ही तोरण द्वार बनाए गए हैं। लाखों भक्त दीपावली में धर्मनगरी आएंगे, भक्तों का भगवान की तरह स्वागत होना चाहिए। इसके लिए मुख्य मार्गों में रह रहे लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने-अपने घर, प्रतिष्ठान, मठ और मंदिरों को विधिवत सजाएं स इससे तीर्थक्षेत्र को लेकर बड़ा संदेश जाएगा। मेले के लिए रामघाट में किए गए चैड़ीकरण कार्य के लिए बुन्देली सेना ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। बताया कि इससे अब रामघाट में भीड़ का दबाव कम रहेगा। प्रशासन से पंचकोसी परिक्रमा परिक्रमा मार्ग गणेशबाग से सिद्धपुर होते हुए बाकेसिद्ध पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी सुरक्षा व प्रकाश व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है।

# पाक्सो एक्ट में हुई चार वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश संजय के लाल ने फूलचन्द्र रैदास पुत्र चन्द्रशेखर रैदास निवासी नकेहली थाना राजापुर को चार वर्ष के कारावास व दस हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर न्यायालय में लम्बित मुकदमों की पैरवी को थानाध्यक्ष राजापुर दीपेन्द्र कुमार सिंह व पैरोकार आकाश कुमार यादव ने राजापुर थाने में दर्ज अपराध संख्या 47/2019 धारा 354 व 506 आईपीसी तथा पाक्सो एक्ट के आरोपी फूलचन्द्र रैदास निवासी नकेहली थाना राजापुर के मामले में समय से गवाहों की पेशी कराई।

विशेष लोक अभियोजक व पाक्सो तेजप्रताप सिंह ने व बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने प्रभावी बहस की। नतीजतन अपर सत्र न्यायाधीश संजय के लाल ने आरोपी फूलचन्द्र रैदास को दोषी करार देते हुए चार वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

# शहीदों को याद कर एसपी ने दी सलामी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद स्मारक पुलिस लाइन में कर्तव्य के पथ पर शहीद होने वाले जांबाज पुलिस कर्मियों को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस लाइन परिसर स्थित शहीद स्मारक में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने कर्तव्य के पथ पर शहीद पुलिस जवानों को याद किया। सितम्बर 2021 से अगस्त 2022 में शहीद हुए सात पुलिस जवानों के नाम पढकर सुनाया। शहीद स्मारक में पुष्प अर्पित करते हुए शहीद पुलिस जवानों को श्रद्धांजलि के बाद गार्ड आफ आनर देकर सभी परेड कर्मियों ने शहीद पुलिस जवानों को शोक सलामी देकर दो मिनट का मौन धारण किया।



इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ राजापुर भाष्कर वर्मा, सीओ लाइन शिवप्रकाश सोनकर, सीओ एलआईयू अनुज मिश्रा, मुख्य अग्निशमन अधिकारी यतीन्द्रनाथ उमराव, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु राजकमल, प्रतिसार निरीक्षण सुमेर सिंह, प्रभारी मीडिया सेल विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'एशिया कप एक छोटा टूर्नामेंट है', पाकिस्तानी खेमे पर बरसे आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत 23 अक्टूबर (रविवार) को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर होगी। लेकिन मैच से पहले, दोनों देशों के क्रिकेट बोर्ड एक बड़े मुद्दे में उलझ गए हैं। यह सब तब शुरू हुआ जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह, जो एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि मेन इन ब्लू एशिया के अगले संस्करण के लिए पाकिस्तान का दौरान नहीं करेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) शाह के बयान से नाराज हुआ और उन्होंने अगले साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में भाग नहीं लेने की धमकी दी है। पीसीबी ने यह भी आरोप लगाया कि 2023 एशिया कप को स्थानांतरित करने का निर्णय अन्य एसीसी सदस्यों के परामर्श के बिना लिया गया, जिसमें पीसीबी अध्यक्ष रमिज राजा भी शामिल हैं।

**एशिया कप एक छोटा टूर्नामेंट है**

इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर और विशेषज्ञ आकाश चोपड़ा ने दोनों बोर्डों के बीच मौजूदा खींचतान पर बयान दिए हैं। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'एशिया कप बिल्कुल भी नहीं हो सकता है अगर भारत भाग नहीं लेता है, कोई मौका नहीं है। विश्व कप की तुलना में एशिया कप एक छोटा टूर्नामेंट है। विश्व कप को छोड़ने का मतलब है कि आप आईसीसी द्वारा साझा की जाने वाली भारी मात्रा में राजस्व को समाप्त कर देंगे (भाग लेने वाले देशों के साथ)।



यह मामला है कि कौन पहले झपकाता है। इसलिए मैं इसे गंभीरता से नहीं ले रहा हूं। मुझे लगता है कि एशिया कप 2023 दूसरी जगह पर आयोजित किया जाएगा।'

उन्होंने यह भी कहा कि बीसीसीआई एसीसी सदस्यों के लिए एक 'बड़े भाई' की तरह है क्योंकि भारतीय बोर्ड परिषद का एकमात्र सदस्य है जो पैसे नहीं लेता है बल्कि इसे अन्य सदस्य बोर्डों में वितरित करता है। उन्होंने कहा, 'बेशक, एसीसी एक संघ है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि भारत एसीसी से एक पैसा भी नहीं लेता है। हर कोई (एसीसी) खजाने से एक निश्चित राशि लेता है, चाहे 40 लाख हो या 80 लाख, लेकिन भारत इसके बदले उनकी राशि बांट देता है।'चोपड़ा ने कहा, 'भारत एसीसी में एक बड़े भाई की भूमिका निभा रहा है। टीम पाकिस्तान की का दौरा कर सकती है, तो मैं आपको यह लिखित रूप में दे सकता हूं कि भारत नहीं करेगा। एशिया कप भी सही जगह पर आयोजित किया जाएगा। और पाकिस्तान भी विश्व कप (भारत में) खेलने के लिए निश्चित रूप से आएगा। यह सब लिखित में लें। इन सभी चीजों की गारंटी है।'

# फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप से बाहर होने पर भारतीय कप्तान बोलीं- यह सिर्फ हमारी फुटबॉल यात्रा की शुरुआत

**भुवनेश्वर।** फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप 2022 से भारत की निकासी के बावजूद भारतीय टीम की कप्तान अष्टम उरांव का मानना है कि यह सिर्फ उनकी फुटबॉल यात्रा की शुरुआत है। अष्टम ने कहा,''हमारा विश्व कप अभियान भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन फुटबॉल खेलने का हमारा जुनून खत्म नहीं हुआ है। हमारी फुटबॉल यात्रा अभी शुरू हुई है और मैं अन्य लड़कियों के साथ-साथ उनके माता-पिता से उन्हें फुटबॉल खेलने की आज़ादी देने के लिए कहती हूं, या जो भी खेल उन्हें पसंद है। किसी भी बच्चे के बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए माता-पिता का सहयोग बहुत जरूरी है।'

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भारत का सफर निराशाजनक रहा और उन्हें ग्रुप स्टेज के अपने तीनों मुकाबलों में हार मिली। भारतीय लड़कियां अमेरिका (8-0), मोरक्को (3-0) और ब्राज़ील (5-0) के खिलाफ मैचों में एक भी गोल नहीं कर सकीं। उन्होंने कहा,''हमारे परिणाम भले ही उम्मीद के मुताबिक न रहे हों लेकिन हर कोई हमारे संघर्ष को देख सकता है। मैं हर माता-पिता और लड़की से आग्रह करता हूं कि वे न केवल परिणाम देखें बल्कि हमारी कड़ी मेहनत पर विश्वास करें। मुझे उम्मीद है कि कई लड़कियां यह खेल खेलेंगी और भारत में महिला फुटबॉल को विकसित करने के लिए लड़ने की कोशिश करेंगी।'




भारत ने अंडर-17 महिला विश्व कप में पहली बार हिस्सा लिया था। भारतीय टीम मेज़बान होने के आधार पर क्वालीफाई करके टूर्नामेंट में आई थी। अष्टम ने विश्व कप अनुभव के बारे में कहा,''विश्व कप में हम सभी ने बहुत कुछ सीखा। भले ही हम अपने सभी मैच हार गए हों, लेकिन इससे हमने बहुत अहम बात सीखी, अगर हम अपनी गलतियों को नहीं सुधारते तो हर कोई उनका उपयोग हमारे खिलाफ करेगा।'

उन्होंने कहा, 'हमें टूर्नामेंट के दौरान अमेरिका और ब्राजील जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलने का अवसर मिला। हमने अंत तक संघर्ष किया और अपनी कमजोरियों के बारे में जाना। मोरक्को भी एक अच्छी टीम है, और उनके खिलाफ खेलना एक आंख खोलने वाला अनुभव था। हमें पता चला कि हम किस स्तर पर हैं। अब केवल एक चीज महत्वपूर्ण है, वह यह कि ऐसे विरोधियों के खिलाफ अच्छा खेलने के लिए खुद को कैसे तैयार किया जाए। अष्टम ने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिये धन्यवाद देते हुए कहा, '' जो भी हमारा समर्थन करने आया, मैं आप सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने अपना समय निकालकर हमारा समर्थन किया। स्टेडियम में प्रशंसकों के साथ-साथ जिसने भी हमें प्रसारण के माध्यम से देखा, उनका समर्थन हमारे लिए और भारतीय फुटबॉल के लिए बहुत मायने रखता है। यह वास्तव में हम में से प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण था, इसलिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

# चोटिल जोश इंगलिस की जगह कैमरन ग्रीन ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

**मेलबर्न।** चोटिल जोश इंगलिस की जगह कैमरन ग्रीन को आईसीसी टी20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने उक्त घोषणा की। इंगलिस को सिडनी के एक गोल्फ कोर्स में हाथ में चोट लगी थी, जिसके बाद उन्हें स्थानीय चिकित्सा केंद्र में ले जाया गया था। अब उनके हाथ की सर्जरी की जाएगी, जिसके बाद उन्हें विश्व कप से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने ग्रीन के हरफनमौला कौशल को देखते हुए उन्हें एलेक्स कैरी पर तरजीह दी है। ग्रीन के शामिल होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम के पास मिशेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस के साथ तीन हरफनमौला खिलाड़ी हो गए हैं। 23 साल के ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के हाल के भारत दौरे में खुद को साबित किया है, जहां उन्हें सीनियर पुरुष क्रिकेट में ऐसा कोई अनुभव नहीं होने के बावजूद ओपनिंग के लिए पदोन्नत किया गया और उन्होंने 30 गेंदों में 61 रन की शानदार पारी खेली।ऑस्ट्रेलियाई टीम टी-20 विश्व कप में अपना पहला मैच शनिवार को सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी।

**ऑस्ट्रेलिया टीमः** एरोन फिंच (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर, एडम ज़म्पा, कैमरन ग्रीन।

# डब्ल्यूएचओ के सीरिया कार्यालय के कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख पर लगाए गड़बड़ी के आरोप

**लंदन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सीरिया कार्यालय के कर्मचारियों ने अपनी प्रमुख पर लाखों डॉलर की गड़बड़ी करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों को कंप्यूटर, सोने के सिक्के और कार सहित कई उपहार दिए गए और एजेंसी ने अपने कोविड-19 संबंधी दिशानिर्देशों का भी उल्लंघन किया।

'द एसोसिएटेड प्रेस' को मिले 100 से अधिक गोपनीय दस्तावेज, संदेश और अन्य सामग्री के अनुसार, डब्ल्यूएचओ के कर्मचारियों ने जांचकर्ताओं को बताया कि सीरिया में एजेंसी की प्रतिनिधि डॉ. अकजेमल मैग्टमोवा का व्यवहार दूसरों के प्रति अपमानजनक है, उन्होंने डब्ल्यूएचओ के कर्मचारियों पर सीरियाई सरकार के शीर्ष नेताओं के साथ होने वाले अनुबंधों पर हस्ताक्षर करने का दबाव डाला और डब्ल्यूएचओ तथा 'डोनर' (दान दाता) के कोष का लगातार दुरुपयोग किया। तुर्कमेनिस्तान की चिकित्सक मैग्टमोवा ने उनके खिलाफ लगे आरोपों पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, ''डब्ल्यूएचओ की कमर्चारी होने के नाते अपने दायित्वों के चलते'' वह इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकतीं। हालांकि उन्होंने आरोपों को ''मानहानिकारक'' बताया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सीरिया कार्यालय के कम से कम 10 से अधिक कर्मचारियों ने इस संबंध में शिकायत की थी।

20 से अधिक जांचककर्ता अभी इस मामले की जांच कर रहे हैं। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में मामले की जांच जारी होने की बात स्वीकार की और इसे एक जटिल कार्रवाई बताते हुए इसमें लंबा समय लगने की बात कही। हालांकि डब्ल्यूएचओ ने मैग्टमोवा पर लगे आरोपों के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की।

# सूडान में आदिवासियों के बीच खूनी संघर्ष, 170 लोग मारे गए, लगातार दो दिन से हो रही लड़ाई

**सूडान।** सूडान से आदिवासियों के बीच खूनी संघर्ष की खबरें सामने आई हैं। इस मामले को लेकर सूडान के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को देश के दक्षिणी प्रांत ब्लू नाइल में आदिवासियों के बीच झड़प में पिछले दो दिन में 170 लोग मारे जा चुके हैं वहीं लोगों के बीच लड़ाई बुधवार को शुरू हुई थी।

अधिकारियों ने बताया लगातार झड़पों की खबरें आ रही हैं और ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं मिली है कि लड़ाई बंद हो गई है। ब्लू नाइल में पिछले कई महीनों से जातीय हिंसा की खबर आ रही हैं। मानवीय मामलों में समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि ब्लू नाइल में जुलाई में हिंसक झड़पें हुई थीं, जिनमें अक्तूबर की शुरुआत तक 149 लोगों की जान



गई। बीते हफ्ते शुरू हुए संघर्ष में 13 लोग मारे गए थे।

**1200 लोग विस्थापित हुए-** ओसीएचए के मुताबिक, हिंसा से क्षेत्र में कम से कम 1,200 लोग विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ओसीएचए ने कहा कि पिछले हफ्ते पास के पश्चिमी कोर्डोफन प्रांत में कबायली संघर्ष में 19 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। ओसीएचए ने कहा कि अल लागोवा शहर के पास भूमि विवाद के बीच मिसरिया और नुबा जातीय समूहों के बीच लड़ाई हुई थी। ओसीएचए ने कहा कि वेस्ट कोर्डोफन और ब्लू नाइल राज्यों में जातीय लड़ाई से विस्थापन और मानवीय पीड़ा का खतरा बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिम कोर्डोफन राज्य के राज्यपाल ने मंगलवार को स्थानीय निवासियों से बात करने के लिए शहर का दौरा किया ताकि संघर्ष को कम किया जा सके। वहीं अभी तक किसी भी विद्रोही समूह की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# कहीं आतंकियों के हाथ न लग जाएं पाकिस्तान के परमाणु हथियार! बाइडन के बयान ने दिए कई संकेत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान ने वैश्विक स्तर पर नई चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा संभावित परमाणु खतरे को लेकर है। दुनिया के कई देशों को आशंका है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार सुरक्षित हाथों में नहीं हैं और वे आतंकियों के हाथ लग सकते हैं। दरअसल, बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पाकिस्तान को 'दुनिया का सबसे खतरनाक' राष्ट्र कहा था। उनके इस बयान ने दुनिया के अन्य राष्ट्रों का ध्यान इस ओर खींचा। हालांकि, पाकिस्तान ने बाइडन के बयान को खारिज करते हुए इसे तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताया था।



**दुनिया के सामने खतरा**

ग्लोबल स्ट्रैट व्यू की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की सरकार, तालिबान और उसके विभिन्न संगठनों व इसके अलावा पाकिस्तान के अंदर अन्य जिहादी समूहों ने परमाणु हथियारों के आतंकवादी हाथों में पड़ने पर चिंता पैदा कर दी है। दरअसल, पाकिस्तान की सरकार तालिबान का गुप्त रूप से समर्थन करती है। दुनिया का मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आतंकी संगठनों द्वारा चोरी किए जाने का खतरा बना हुआ है।

**पाकिस्तान से मिल रहे कई संकेत -** ग्लोबल स्ट्रैट व्यू की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल अगस्त में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और तालिबान के शासन के बाद खतरा अधिक बढ़ा है। ऊपर से पाकिस्तान द्वारा हथियारों का उत्पादन, साथ ही साथ अधिक सामरिक परमाणु हथियारों की संभावित तैनाती ने इनके दुरुपयोग की संभावना को और अधिक बढ़ा दिया है।

## भारत विरोध बयान देनी वाली ब्रिटेन की गृह मंत्री का इस्तीफा

**लंदन।** भारत के विरोध में बयान देने के बाद चर्चा में आई ब्रिटेन की गृह मंत्री (इंटीरियर मिनिस्टर) सुएला ब्रेवरमैन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। ब्रेवरमैन ने लिज ट्रस सरकार से अलग होने की घोषणा की है। हालांकि ब्रेवरमैन ने अपने इस्तीफे का कारण स्पष्ट नहीं किया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने कहा कि वह प्रधानमंत्री लिज ट्रस की सरकार को छोड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकारी नियमों का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि ट्रस सरकार जिस दिशा में जा रही है, उसे लेकर मैं चिंतित हूं।हालांकि ब्रेवरमैन ने सरकार छोड़ने के कारण पर



स्थिति स्पष्ट नहीं की है। ब्रेवरमैन भी ब्रिटिश प्रधानमंत्री की रेस में थीं। ब्रेवरमैन को 43 दिन पहले ही गृह मंत्री नियुक्त किया गया था, जब ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में कार्यभार संभाला था। एक सप्ताह में प्रधानमंत्री लिज ट्रस की कैबिनेट से दूसरी मंत्री सरकार से अलग हुई हैं।

# लिज ट्रस का इस्तीफा, सिर्फ 45 दिन रह सकीं ब्रिटेन की प्रधानमंत्री

**भीषण आर्थिक संकट के चलते ब्रिटेन में राजनीतिक संकट एक बार फिर गहराया**

**लंदन।** आर्थिक स्थितियों पर नियंत्रण न स्थापित कर पाने के चलते ब्रिटेन में राजनीतिक संकट एक बार फिर गहरा गया है। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने इस्तीफा दे दिया है। वे सिर्फ 45 दिन ब्रिटेन की प्रधानमंत्री रह सकीं।

बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद कंजर्वेटिव पार्टी के नए नेता के लिए हुए चुनाव में भारतवंशी ऋषि सुनक को हराकर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनी लिज ट्रस सिर्फ 45 दिन तक ही इस पद पर रह सकीं। उन्होंने छह सितंबर 2022 को ब्रिटिश प्रधानमंत्री के रूप में काम संभाला था। इस बीच ब्रिटेन में भीषण आर्थिक संकट के चलते स्थितियां उनके नियंत्रण



में नहीं रहीं। उनके वित्त मंत्री क्वासी क्वार्टेंग और गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को भी इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बावजूद स्थितियां नहीं सुधरीं तो लिज ट्रस को प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा। इसी के साथ वे ब्रिटेन के इतिहास में सबसे कम कार्यकाल वाली प्रधानमंत्री बन गयी हैं। ट्रस से पहले टोरी पार्टी के जार्ज कैनिंग 1827 में 119 दिन ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे थे।

इससे पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का स्थान लेने के लिए हुए चुनाव में ब्रिटेन की तत्कालीन विदेश मंत्री लिज ट्रस ने भारतवंशी ऋषि सुनक को हरा दिया था। बोरिस जॉनसन के इस्तीफे के बाद ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी का नया नेता चुनने की दौड़ में बचे पूर्व वित्त मंत्री व भारतीय मूल के ऋषि सुनक और तत्कालीन विदेश मंत्री लिज़ ट्रस के बीच मुकाबला था। ब्रिटेन की सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के एक लाख साठ हजार मतदाताओं में से 57 प्रतिशत ने लिज ट्रस को समर्थन दिया। 43 प्रतिशत लोग ऋषि सुनक के साथ थे।

इससे यह भी स्पष्ट था कि ऋषि सुनक ने इस चुनाव में लिज ट्रस को कड़ी टक्कर दी थी। लिज ट्रस को कंजर्वेटिव पार्टी के पिछले कुछ नेताओं की तुलना में सर्वाधिक कठिन प्रतिस्पर्द्धा का सामना करना पड़ा था और उन्हें अन्य विजेताओं की तुलना में कम समर्थन मिला था। उनके प्रधानमंत्री बनने के बाद भी स्थितियां नहीं सुधर रही थीं और उन्हें पार्टी के भीतर भी व विरोध का सामना करना पड़ रहा था। अपने इस्तीफे के बाद किए गए ट्वीट में लिज ट्रस ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने लिखा कि एनर्जी बिल और राष्ट्रीय बीमा क्षेत्र में जरूरी कदम उठाए गए। उनकी सरकार यूक्रेन के साथ खड़ी रही और अपनी सुरक्षा व्यवस्था का संरक्षण भी किया। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने कम करों और अधिक उन्नति वाली अर्थव्यवस्था की आधारशिला रखी।

## ऑस्ट्रिया की महंगाई 70 साल के उच्चतम स्तर पर

**वियना।** ऑस्ट्रिया में मुद्रास्फीति लगातार बढ़ रही है, जो सितंबर में 10.5 फीसदी तक पहुंच गई, जो जुलाई 1952 के बाद का उच्चतम स्तर है। सांख्यिकी ऑस्ट्रिया ने बुधवार को कहा कि सितंबर में मुद्रास्फीति की दर अगस्त में दर्ज की गई 1.2 प्रतिशत



अंक से अधिक थी और 1970 के दशक में तेल संकट के दौरान उच्च मुद्रास्फीति के स्तर से अधिक थी। ऑस्ट्रिया के महानिदेशक टोबीस थॉमस ने कहा कि घरेलू ऊर्जा और ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी सितंबर में मुद्रास्फीति के सबसे मजबूत चालक थे।

पिछले हफ्ते, ऑस्ट्रिया के केंद्रीय बैंक (ओईएनबी) ने ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और मजदूरी लागत का हवाला देते हुए 2022 से 2024 के लिए अपने मुद्रास्फीति पूवार्नुमानों को संशोधित किया। अब यह जुलाई में 7.6 प्रतिशत के अनुमान से बढ़कर 2022 में देश की वार्षिक मुद्रास्फीति दर 8.5 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद करता है। सरकार ने परिवारों को सीधे भुगतान सहित घरों और कंपनियों को समर्थन देने के लिए कई मुद्रास्फीति विरोधी पैकेज पेश किए हैं।

# यूक्रेन में नागरिकों को सभी उपकरणों को चार्ज करने को कहा गया

**कीव।** यूक्रेन की राष्ट्रीय ऊर्जा कंपनी उक्रेनेर्गो ने बिजली संयंत्रों को रूसी मिसाइलों की चपेट में आने के कारण बिजली कटौती की आशंका को देखते हुए सुबह तक नागरिकों से सब कुछ चार्ज करने के लिए कहा है। एक बयान में कंपनी ने कहा कि 24 फरवरी को युद्ध छेड़ने के बाद रूस द्वारा पिछले 10 दिनों में बिजली संयंत्रों पर अधिक हमले हुए हैं। बयान में कहा गया है कि हम नियंत्रित खपत प्रतिबंध लागू करेंगे, ताकि पूरा सिस्टम संतुलित तरीके से काम कर सके।

ग्रिड ऑपरेटर ने कहा कि एक बार में चार घंटे तक की कटौती की जाएगी, इसलिए इसके पहले ही फोन, पावर बैंक, टॉर्च और बैटरी को चार्ज कर लेना चाहिए। कंपनी ने लोगों से पानी का स्टॉक सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने पास गर्म मोजे और कंबल आदि भी रखें। उक्रेनेर्गो की ओर से कहा गया है कि पूरे यूक्रेन में सुबह 7 से रात 10 बजे तक प्रतिबंध लागू हो सकते हैं। कंपनी ने नागरिकों को सलाह भी दी है कि वे सुविधा के लिए कंपनी के क्षेत्रीय नेटवर्क ऑपरेटरों की वेबसाइटों को भी देखते रहें। यह खपत को सीमित करें। ऐसा करने पर बिजली कटौती की प्रक्रिया खत्म हो जाएगी। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि हम अपने देश की सामान्य ऊर्जा क्षमताओं



चेतावनी देश भर के ऊर्जा संयंत्रों पर 10 अक्टूबर से शुरू रूसी मिसाइलों के हमले के बाद आई है। नागरिकों से अपील करते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति ब्लादिमिर वलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि बिजली के अनावश्यक उपकरणों को चालू न करें और बिजली की को बहाल करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। लेकिन इसके लिए सभी को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रपति के मुताबिक हाल ही में रूसी हवाई हमलों से यूक्रेन के 30 प्रतिशत बिजलीघर क्षतिग्रस्त हो गए।

# बाइडन ने चुनाव से पहले अमेरिका में गैस की कीमतों को कम करने के उपायों की घोषणा की

**कीव।** अमेरिका में महत्वपूर्ण मध्यावधि चुनाव से पहले राष्ट्रपति जो बाइडन ने गैस की कीमतों को कम करने के लिए कई उपायों की घोषणा की है। गैस कीमतों में वृद्धि से मध्यम वर्ग प्रभावित हो रहा है। बाइडन ने एक प्रमुख नीतिगत संबोधन में दोहराया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अमेरिका में ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि के लिए जिम्मेदार हैं।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ''जब गैस की कीमत बढ़ती है, तो अन्य खर्चे कम हो जाते हैं। इसलिए मैं गैस की कीमतों को कम करने के लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास कर रहा हूं क्योंकि पुतिन के यूक्रेन पर आक्रमण के कारण इनकी कीमतों में तेजी आई और अंतरराष्ट्रीय तेल बाजारों में हलचल मच गई।'' बाइडन ने कहा कि ऊर्जा विभाग सामरिक पेट्रोलियम भंडार से एक बार और 1.5 करोड़ बैरल जारी करेगा, जो दिसंबर के महीने के लिए पहले घोषित तेल की आपूर्ति से अधिक होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र विश्लेषकों ने पुष्टि की है कि अब तक तेल भंडार में कमी ने तेल की कीमतों को नीचे लाने में एक बड़ी भूमिका निभाई है। इसलिए, हम उस राष्ट्रीय संपत्ति का जिम्मेदारी से उपयोग करना जारी रखेंगे। अभी, सामरिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 40 करोड़ बैरल तेल के साथ आधे से अधिक भरा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह किसी भी आपात स्थिति के लिए पर्याप्त से अधिक है। उन्होंने कहा, ''आज की मेरी घोषणा के साथ हम ऐसे समय में बाजारों को स्थिर करना और कीमतों में कमी करना जारी रखेंगे, जब अन्य देशों की कार्रवाइयों ने इस तरह की



अस्थिरता पैदा की है।'' उन्होंने कहा कि अमेरिका को बिना देरी किए या स्वच्छ ऊर्जा में बदलाव को टाले बिना, पूरी जिम्मेदारी से तेल उत्पादन बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके प्रशासन ने तेल उत्पादन को रोका या धीमा नहीं किया है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## गूगल ने कहा- अगले कदम के लिए सीसीआई के फैसले की करेंगे समीक्षा

**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी इंटरनेट कंपनी सर्च इंजन गूगल ने कहा कि वह गैर-प्रतिस्पर्धी गतिविधियों के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश की समीक्षा करेगी। दरअसल, सीसीआई ने गूगल पर कार्रवाई करते हुए एक दिन पहले 1,338 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। कंपनी ने सीसीआई के आदेश के बाद शुक्रवार को जारी अपनी आधिकारिक प्रतिक्रिया में कहा कि वह अगले कदम का मूल्यांकन करने के लिए इस फैसले की समीक्षा करेगी।

# भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की आड़ में जिनपिंग ने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को कुचला, रिपोर्ट में दावा

**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर आरोप लग रहा है कि भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की आड़ में उन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कुचल दिया। उन्होंने खुद को मजबूत करने के लिए उन सभी विरोधियों को रास्ते से हटाना शुरू किया जिन्होंने उनकी राजनीति में दखल देने की कोशिश की। एक इतालवी मीडिया आउटलेट difesa की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार बताया गया है कि जब शी ने राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, तो वे कठिन आंतरिक परिस्थितियों को लेकर चिंतित थे। लेकिन उन्हें इस बात का आभास था कि उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदी पार्टी के अंदर भ्रष्टाचार फैला रहे हैं। इसके बाद उन्होंने भ्रष्ट कार्यकर्ताओं पर नकेल कसनी शुरू कर दी।

**जिनपिंग ने राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कई सियासी दुश्मन भी बनाए**

खुद को आगे बढ़ाने के लिए शी जिनपिंग ने अगले कुछ वर्षों में बड़े सुधार के वादे किए जिसने उन्हें जनता की नजर में एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश किया। हालांकि, शुरू में यह सब पूरा करने के लिए उन्होंने नए दुश्मन बनाए। इसी दौरान उन्होंने प्रतिद्वंद्वियों को कुचलने के अपने भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों की



सफलता का लाभ उठाया।

**भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत 50 लाख लोगों की जांच**

फिर उन्होंने धीरे-धीरे अपने व्यक्ति के पंथ पर केंद्रित एक पार्टी पदानुक्रम का विकास सुनिश्चित किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी ने कहा कि शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान ने पिछले एक दशक में लगभग 50 लाख लोगों की जांच की है।

**हमारी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में कभी आराम से नहीं बैठेगी: जिनपिंग**

शी के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान, प्रमुख नीतियों में से एक ने कथित तौर पर उनके राजनीतिक आधार को मजबूत करने में मदद की है। शी जिनपिंग का एक बार फिर से शिर्ष नेता चुना जाना तय है और वे सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए दृढ़ हैं। एनएचके वर्ल्ड के अनुसार शी ने एक रिपोर्ट में कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में कभी आराम से नहीं बैठेगी।